राव राम नारायणः उपाध्यक्ष महोदय, अगर असलियत में वे लोग इकोनौमी करना चाहते हैं तो अपनी तनख्वाहें बढा लें यूनियन मिनिस्टर साहब की तनख्वाह 3000 रुपये होती है लेकिन वे कार अपने घर की रखें, ड्राईवर अपना रखें, टैलीफोन अपना लगवा लें, प्राईवेट काल्ज कम करें और अगर सरकारी टैलीफोन बरतें तो प्राईवेट काल्ज का और दूसरी काल्ज का हिसाब किताब रखा जाए तब तो इकोनौमी हो सकती है। पर जब तक ये लोग सरकारी खर्च पर रहेंगे तब तक इकोनौमी नहीं हो सकती। इसके साथ उपाध्यक्ष महोदय, मैं यह भी कहना चाहता हूं कि अगर आपने वाकई इकोनौमी करनी है तो जो आपका टाप हैवी एडमिनिस्ट्रे ान है, उस पर भी कट लगनी चाहिये। हमारा हरियाणा जो है वह पहले के अम्बाला डिवीजन के बराबर है। जहां अब तीन आई0जी0 स्टेट में हैं, उनके स्थान पर एक ही आई0जी0 बहुत है। सात आठ डी0आईजी0 की बजाए दो या तीन डी0आई0जी0 बहुत हैं। इसी तरह से 10 कमि नर्ज की बजाये दो कमि नर्ज बहुत हैं, एफ 0सी0 1, चीफ सैक्रेटरी 1 और इसी तरह से कारपोरे ान और बोर्डों में जो बेतहा ाा एक्सपैंडीचर या अखराराजात है उसमें भी कमी होनी चाहिये। इसके साथ साथ एक बात एम0एल0एज0 साहेबान से कहूंगा कि वे अपनी चेयरमैन ाप अपने आप ही छोडकर लोगों का वि वास जीतें। उपाध्यक्ष महोदय, एक और बडा अहम मसला है। मैं आपको बताता हूं कि लैंड एक्वीजी ान के बारे में आजकल बहुत बडी लिटीगे ान होती है। जिसकी जमीन एक्वायर की जाती है उसको

जब मुआवजा दिया जाता है तो पिछले पांच सालों की कीमतों की औसत निकाल कर दिया जाता है, इस वजहइ से लोग सै ान जहों के पास और हाई कोर्ट में अपीलें लेकर जाते हैं, जिस वजह से उनको काफी हैरानगी होती है और सरकार का भी बहुत खर्चा होता है क्योंकि सरकार को भी मुकद्दमा लडने के लिये सरकारी और गैर सरकारी वकील लगाने पडते हैं। आज हालत यह है कि आप किसी गांव में जाकर देख लें, उसके एक कोने पर जमीन का भाव एक रुपये गज है और दूसरे कोने पर 100 रुपये गज है। ऐसा होते हुए अगर पिछले पांच सालों की औसत निकाली जाती है तो यह लोगों के साथ बडा भारी अन्याय है। इसलिये मेरी दरख्वास्त यह है कि जिसकी जमीन एक्वायर की जाए उसे मार्किट रेट पर पूरा मुआवजा दिया जाए ताकि वह भी परे ाानी से बचे और सरकार को भी फिजूल खर्ची न करनी पडे। लैंड एक्वीजी ान एक्ट का जो स्टैंडिंग आर्डर 28 है, उसमें यह कहीं भी नहीं लिखा हुआ है कि पिछले पांच सालों की औसत निकाल कर मुआवजा दिया जाएगा।

उपाध्यक्ष महोदय, इसके बाद में सवा छः एकड पर जो मालिया माफ किया गया है, उसके बारे में कहूंगा कि लोगों ने इसको काफी वैलकम किया है लेकिन इसको रै ानेलाईज कर देना चाहिए एक तरफ तो जैसे लोहोरू, नारनौल, महेन्द्रगढ और सैंडी एरियाज हैं और दूसरी तरफ जीन्दी, करनाल और अम्बाला का एरिया है, उसको अगर आप देखें तो आपको प्रोडक ान के

लिहाज से दोनों तरफ काफी फर्क दिखाई देगा। इसलिये मेरी सरकार से प्रार्थना है कि प्रोडक ान को ध्यान में रखते हुए जहां की प्रोडक ान कम है, वहां पर मालिया की ज्यादा माफी होनी चाहिये और जहां पर प्रोडक ान ज्यादा है वहां पर उसी हिसाब से मालिया लिया जाना चाहिये।

उपाध्यक्ष महोदय, अब मैं आपको लॉ एण्ड आर्डर की बात कहना चाहता हूं। पिछले दिनों बाबू जगजीवन राम जी, हमारे उप प्रधान मंत्री महोदय रोहतक में आये थे और वहां पर किसी कारणव ा हुल्लडबाजी हो गई, भाोर भाराबा हुआ और वहां पर जिला के सभी अफसर, डी0सी0, एस0पी0, डी0एस0प0ी0 (हैडक्वार्टर), एस0डी0एम0 वगैरह सभी मौजूद थे लेकिन इस हुल्लडबाजी के लिये एक एस0एच0ओ0 को दोशी ठहरा कर सस्पैंड कर दिया गया। बडे अफसरों को जिम्मेवार नहीं ठहराया गया और इस प्रकार छोटे लोगों को स्केप गोट बनाया गया है जबकि इस मामले की सारी जिम्मेवारी बडे अफसरों की बनती थी।

चौधरी हर स्वरूप बूराः उपाध्यक्ष महोदय, मेरा प्वांयट आफ आर्डर है। मेरे लायक सीनीयर दोस्त ने अभी बताया कि उस एस0एच0ओ0 के साथ ज्यादती हुई है। मैं उनसे यह जानना चाहता हूं कि ज्यादती किसी पालिसी की वजह से हुई है या डिस्क्रिमिने ान की वजह से हुई है ?

राव राम नारायणः मैं इतना जानता हूं कि वह बेकसूर आदमी है। उपाध्यक्ष महोदय, मेरे हल्के में एक मोहनबाड़ी गांव है। वहां के एक मंदिर से मूर्ति चोरी हो गई हैं आपको पता है आर्ट की जो चीजें हैं ये एक्सपोर्ट की जाती हैं। लेकिन पुलिस उस मूर्ति की आज तक बरामदगी नहीं कर सकी है। इसलिये मैं सरकार से अर्ज करूंगा कि वह कोई खास इंतजाम करें कि वह मूर्ति हिन्दुस्तान से बाहर न जाने पाये। इसके अलावा पुलिस थानों में कुरप्ान अब पहले से ज्यादा हो गई है इसलिये इसकी रोकथाम के लिये भी कोई न कोई इंतजाम होना चाहिये। इसके अलावा जब से बिजली बोर्ड के दफ्तर के बारे में एलान हुआ है कि इसको हिसार ले जाया जा रहा है तथा और भी कुछ दफ्तरों को हिदायतें दी गई हैं कि वे जिला हैड क्वार्टर पर चले जाएं तब लोगों में यह भाक हो गया है कि हम चण्डीगढ़ पर अपना क्लेम रख भी रहे हैं या नहीं। इसके अलावा मैं यह भी कहना चाहता हूं कि फाजिल्का और अबोहर पर क्लेम के बारे में भी सरकार को अपनी स्टेटमैंट देनी चाहिये। इसके अलावा सवालों के जवाबों के दौरान में कर्मचारियों की एवरेज रिपोर्ट के बारे में डिस्कान होती रही है। ए0सी0आर0 में जो एवरेज रिपोर्ट लिखी जाती है वह नहीं लिखी जानी चाहिये। यह सबार्डिनेटस के साथ एक किस्म का धोखा हैं अगर एवरेज रिपोर्ट को एडवर्स रिमार्कस समझा जाता है तो यह रिमार्कस कर्मचारी को कम्युनिकेट होने चाहियें क्योंकि एडवर्स रिपोर्ट के लिये गवर्नमैंट की इंस्ट्रक्ान्ज हैं कि वह कर्मचारी को कम्पयुनिकेट होने चाहियें।

इसके बाद डिमांड नं0 9 एजुके ान के बारे मे हैं रोहतक के अंदर महर्शि दयानन्द यूनिवर्सिटी कायम की गई है जिसके वाइस चांसलर चौ0 हरद्वारी लाल मुकर्रर किये गये हैं आपको यादा होगा कि उन्होनें इलैक ान के अन्दर एक हैंड बिल निकाला था उसमें उन्होंने कोई भी नहीं बख्शा। यहां तक कि चौधरी चरण सिंह जी को भी नहीं बख्शा। लेकिन उसके बावजूद भी उनको वाइस चांसलर लगा दिया। इसका मतलब यह है कि जो कुछ उन्होंने लिखा है वह ठीक लिखा है। जब से वे रोहतक में गये हैं, वहां पर अमन नहीं है। इसलिये उनको जल्दी से वहां से हटाया जाये वरना रोहतक के अन्दर कभी भी अमन नहीं होगा। इसके बाद मैं इंडस्ट्रीज के बारे में थोडा सा कहना चाहता हूं। हमारी गवर्नमैंट का यह कदम बडा सराहनीय है कि वह रूरल एरियाज में इंडस्ट्रीज लगा रही है। लेकिन हमारे रूरल एरिया का जो क्लर्की कर सकता है। इसलिये इंडस्ट्रीज डिपार्टमैंट जब तक उसे पूरी तरह से एनक्रजमैंट नहीं देगा यानी उसको रुपये पैसे की पूरी सहूलियत नहीं दी जायेगी तब तक वह इस तरफ कामयाब नहीं हो सकेगा। इसके बाद मैं डिमांड नं0 23 जो ट्रांसपोर्ट के बारे में है कुछ कहना चाहूंगा। हमारे यहां देहात के अन्दर जो बसिज चल रही हैं वह बडी टूटी फूटी हैं और उनमें ओवर क्राउडिंग बहुत ज्यादा रहती है। हमारी माताएं, बहिनें और बेटियां जब बसों में सफर करती हैं तो उनको पांव टिकाने को भी जगह नहीं मिलती। इसलिये में चाहता हूं कि बसों में ओवर क्राउडिंग

कम होनी चाहिये। इन भाब्दों के साथ में आपका धन्यवाद करता हुआ अपना स्थान लेता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया।

श्रीमती सुशमा स्वराज(अम्बाला छावनी): उपाध्यक्ष महोदय, विभिन्न विभागों के तहत लगभग 133 करोड रुपये की मांगें आज सदन के सामने रखी गई हैं। इन मांगों पर चर्चा करने का तरीका तो यह होना चाहिये था कि एक एक मद पर आंकडे दिखा कर उसे सदन के सामने रखा जाता है कि कौन सी मद पर पैसा ज्यादा रखा गया है और कौन सी मद पर कम पैसा रखा गया है और वह पैसा कौन से काम के लिये रखा गया है लेकिन मुझे दुख है कि ऐसा नहीं किया गया है और फिर इन डिमांडज पर चर्चा करने के लिये समय भी बहुत कम नि चत किया गया है। इतने समय में हम लोग आंकडों को छू तक भी नहीं सकते क्योंकि विभिन्न मांगों के अन्तर्गत उनकी अनेक मदें हैं। अब सबसे पहले मैं मांग संख्या 2 को ले रही हूं किजसमें 60714070 रुपये की मांग सामान्य प्र ाासन के तहत रखी गई है। इसके बारे में मैं एक बात कहना चाहती हूं कि पिछले दो सालों से देखा जा रहा है कि प्र ाासनिक अधिकारियों के तबादले निरन्तर किये जा रहे हैं। सैंकडों बार प्र ाासनिक सचिवों के विभाग बदले गये, कारपोरे ान्ज के मैनेजिंग डायरैक्टरर्ज बदले गये। जब बार बार प्र ाासनिक अधिकारी को बदला जाता है या सचिव को बदला जाता है तो प्र ाासन चलाने में बहुत बाधा आती है। इसलिये मैं मुख्य मंत्री महोदय जी से गुजारि ा करना चाहती हूं क्योंकि

पब्लिक अंडरटेकिंग्ज कमेटी की सदस्या होने के नाते मेरा तजर्बा है कि इस तरह से जल्दी जल्दी तबादलै करने से दो बातों का असर पडता है। पहले तो यह कि सचिव अपने विभाग का काम जाकर समझ भी नहीं पाता कि उसे बदल दिया जाता है। अगर हम यह समझें कि आई0ए0एस0 अफ्सर हर जगह योग्यता से काम कर सकते हैं तो यह हमारी भूल है। किसी आई0ए0एस0 अफ्सर के लिये यह तो संभव है कि वह पहले 6 महीने जाकर वहां का काम समझे और अगले दो वर्श में वह अपनी योग्यता का प्रद र्न करे। लेकिन चूंकि इनको जल्दी से ही बदल दिया जाता है इसलिये काम सुचारू ढंग से नहीं चल पाता। हमने पब्लिक अंडरटेकिंग्ज कमेटी में देखा है कि जब हम किसी काम की जिम्मेदारी फिक्स करना चाहते हैं और किसी अफसर से पूछते हैं कि तो वह कह देमता है कि मुझे तो पता नहीं यह फैसला तो मेरे से पहले अफसर ने लिया है और मैंने तो सिर्फ अमल किया है। अगर पहले अफसर से पूछते हैं तो वह कह देता है कि मैंने तो फैसला कर दिया था लेकिन मेरे से बाद वाले अफसर ने इसको अमल में लिया है। तो इस प्रकार से किसी अफ सर पर जिम्मेदारी फिक्स नहीं की जा सकती है। अगर इनती जल्दी उसे बदल दिया जाता है तो कोई भी जिम्मेदारी नहीं लेगा। प्र ाासन में प्र ाासनिक अधिकारी की जिम्मेदारी फिक्स करने के लिये यह जरूरी है कि हम उसे कम से कम तीन वर्श के लिये एक एक विभाग में रखें। हां, अगर कोई ऐसी परिस्थिति हो जाए कि जरूर

बदलना पड जोय तो अलग बात है वरना उन्हें पूरा समय दिया जाना चाहिये जिसमें वह अपनी योग्यता प्रदर्शित कर सकें।

16.00 बजे।

उपाध्यक्ष महोदय, अब मैं डिमांड नं0 3 में गृह विभाग से संबंधि तळ पर कुछ कहना चाहती हूं कि मुझे खेद है कि गृह मंत्री जी उठ कर चले गये हैं लेकिन मुख्य मंत्री महोदय तो बैठे हैं। (विघ्न) गृह विभाग इतना महत्वपूर्ण विभाग है इसके ऊपर ही सारे प्रदेश की कानूनी व्यवस्था की जिम्मेदारी होती है। मुझे यह कहने में संकोच नहीं होगा कि मेरी इस बात से अपोजीशन के भाई खुश होंगे परन्तु यह पिछले तीस बरस से पुलिस को इस तरह की ट्रेनिंग दी गई है कि आज की पुलिस देशवासियों के लिये रक्षक होने की बजाये भाोशक हो गई हैं होना तो यह चाहिये कि एक पुलिस अधिकारी के सामने यहां एक भारीफ आदमी को पनाह मिलनी चाहिय परन्तु यहां यह होता है कि उसको तो खराब किया जाता है और गैर सावमाजिक तत्व के दिलों में पुलिस से दहशत होनी चाहिये लेकिन वह इसकी परवाह नहीं करता है। इस सारे के लिए सरकार जिम्मेदार है। मगर भारीफ आदमी थाने की सीढियां चढते हुए भी कांपता है और गैर सामाजि तत्व हैं वे पुलिस से मिलकर रंगरंलियां मनाते हैं। उनको कोई दहशत नहीं है। पुलिस अधिकारियों के लिये एक राश्ट्रीय आयोग पिछले दिनों बैठाया गया था उसकी सहायता के लिये एक अध्ययन मंडल नियुक्त किया गया था। मैं उसके सामने पेश हुई थी। मैंने

उनको समझाया कि आज के समय के अनुसार सरकार को पुलिस की ट्रेनिंग बदलनी होगी। कितनी कुर्बानियां देकर हमने आजादी हासिल की है। इस आजाद भात में उनको बताना होगा कि लोगों के नागरिक अधिकारन क्या क्या हैं ? पहले पुलिस टैरर के लिये दह ात के लिये रखी जाती थी। भाांतिप्रद आंदोंलन अगर होता है तो उसके साथ भी वह सही बर्ताव नहीं करेगी इसलिये यह जरूरी है कि पुलिस विभाग की ट्रेनिंग इस प्रकार की होनी चाहिये कि एक भारीफ आदमी को यह महसूस हो कि यह मेरा पनाहगार है और एक गैर सामाजित तत्व यह समझै कि यह एक दह ात है जो मुझे बख्भोगा नहीं। डिप्टी स्पीकर साहब, इसी के साथ साथ न मालूम किन कारणों से पुलिस की तफती ा में बहुत लोग आडे आते हैं और पुलिस की तफती ा को कहीं न कहीं रोक दिया जाता है। मैं आपको एक उदाहरण के तौर पर वाकया बताती हूं। 20 फरवरी 1979 को गोछी गांव रोहतक में बैरी के नजदीक राजवन्ती नाम की 13—14 साल की लडकी जो अपने खेतों को जा रही थी कुछ लोगों ने उसको पकड लिया और उसके साथ बलात्कार किया। इतना ही नहीं, उसके बाचद उसको कत्ल कर दिया गया। जब उसके मां बाप ने कुछ झगडा करना चाहता तो उन लोग्रों ने ला ा को उसके मां बाप को सौंपने की बजाये जला दिया। उसके मां बाप इस मामले की रिपोर्ट लिखवाने के लिए गए पता नही रिपोर्ट लिखी गई या नहीं। अभी तक कोई तफती ा भी इस मामले में नहीं की गई। आज भी उसके मां बाप सुरक्षा के लिए पुकार रहे हैं। उनको सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए।

मैं मंत्री महोदय से कहूंगी कि इस तरह के भयभीत परिवारों को हमें सुरक्षचा प्रदान करनी चाहिये।

डिमांड नं0 9 ि ाक्षा के बारे में है, मैं आगे भी गाहे बे गोह कहती रही हूं। एक दो बातें मैं और कहना चाहूंगी कि पंजाब, हिमाचल और राजस्थान में यह हो गया है कि जो भी सरकार कर्मचारी 20 वर्श की नौकरी के बाद ऐच्छिक रिटायरमैंट लेनाच चाहता हो उसके दे देते हैं जबकि हरियाणा में यह नौकरी 25 बरस की होनी चाहिए ऐसा है। मैं कहूंगी कि इसको 20 वर्श कर दिया जाये इससे सरकार को कोई फर्क पडने वाला नहीं है बल्कि इससे सरकार को आर्थिक तौर पर फायदा हो जायेगा। इससे पैं ान भी कम हो जायेगी। 5–10 वर्श पहले अगर कोई रिटायरमैंट लेना चाहता है तो उसको लेने दी जाये इससे और वेकैन्सीज होंगीं मैं कहूंगी कि इस अवधि को घटाकर 25 की बजाये 20 वर्श कर दिया जायें

अब मैं मैडीकल अलाउंस के बारे में कहना चाहूंगी। यह एक्चुअली जो दिया जाता है इससे देहाती भाईयों को कोई फायदा नहीं होता इससे भाहरी ि ाक्षक ही फायदा उठाते हैं इसका फलैट रेट कर दिया जाये ताकि सब को फायदा हो। देहाती भाईयों को जो सुविधा अब तक नहीं मिलती रही है वह भी मिल जायेगी।

अब मैं डिमांड नं0 12 श्रम और रोजगार के बारे में कहना चाहूंगी। औद्योगिक प्रगति के लिए इस क्षेत्र में भाांति बहुत जरूरी है और उसके लिए यह बहुत जरूरी है कि मजदूर वर्ग में भाांति हो। आप मजदूरों के सत्याग्रह और आन्दोल को वापिस ले लेने से ही भाांति न समझ बैंठे। अगर आप मजदूर की जबान बंद करके ही, सत्याग्रह का अधिकार वापिस लेकर ही भाांति लाना चाहते हैं। तो मैं इसकी मुखालफत करूंगी। वह मरघट की भाांति होगी या कब्रिस्तान की भाांति होगी। मालिक और मजदूर के दोनों के आपसी सहयोग से ही भाांति कायम हो सकती है। उपाध्यक्ष महोदय, पिछले दिनों सदन में गुड ईयर फैक्टरी के बारे में राजेन्द्र सिंह जी के सवाल के जवाब में हमारे श्रम मंत्री जी ने तसल्ली दी थी कि सात दिन के अन्दर इसको खुलवा दिया जायेगा। मुझे पता चला है कि लाक आउट हटा दिया गया है। तालाबंदी हट जाने से वह फैक्टरी नहीं खुलेगीं फैक्टरी केवल तालाबंदी खुलवाने से नहीं खुलेगी। जब तक वहां पर मजदूरों की मांगों पर जिन पर हडताल हुई थी और फिर जब तक 11 मजदूर जिनको एम्पलायर निकाल रहा है उनको आप अन्दर नहीं भेजेंगे तक तक फैक्टरी की तालाबंदी खोलने का कोई फायदा नहीं है। जब तक उनकी मोंगे पूरी नहीं होंगी वे काम पर ही नहीं जायेंगे और बाहर ही बैठे रहेंगे। उनके साथ साथ और भी मजदूर बाहर ही रहेंगे, कोई काम पर नहीं जायेगा। यह तालाबंदी तो तब तक रहेगी जब तक वे काम पर नहीं आते। केवल फैक्टरी खोल देने से तालाबंदी नहीं हट जाती। मैंने पहले भी कहा था कि यह हमारे

हिन्दुस्तान को कन्सर्न नहीं है अमेरिका की कन्सर्न हैं अब तक 132 करोड रुपया वे हमारे यहां से ले जा चुके हैं। यहां पर मजदूरों के साथ ज्यादती हो रही हैं यह देखते हुए मैं श्रम मंत्री जी से कहूंगी कि यह तालाबंदी अच्छी नहीं है। मजदूरों के हक हथियाये जा रहे हैं।

मंत्री महोदय ने उसका जवाब देते हुए कहा कि मालिको को मजबूरी से तालाबंदी करनी पडी। माननीय मंत्री महोदय द्वारा असैम्बली के फ्लोर पर इस तरह की स्टेटमैंट देने से मजदूरों के हौंसल पस्त हो जाते हैं और मालिक मनमर्जी करते हैं। इसी प्रकार की मालिकों द्वारा ज्यादतिजयां करने से ही आज ट्रेड यूनियन्ज पनप रही है। मंत्री महोदय का ख्याल है कि पब्लिक सैक्टरों में ट्रेड यूनियन्ज पनप नहीं रही हैं। पब्लिक सैक्टरों में भी आपको मालूम है रेलवे और पी0एंड0 टी0 जो सबसे बडे पब्लिक सैक्टर हैं वहां पर भी बडी ट्रेड यूनियन्ज हैं। मंत्री महोदय ने यह कहा है कि पब्लिक सैक्टर में ट्रेड यूनियन्ज पनपने नहीं देंगे। मैं उनसे यह निवेदन करना चाहती हूं कि वे उन्हें पनपने दें। पब्लिक सैक्टर में सही आद र्ज्ञग रखें ताकि प्राईवेट फैक्ट्रियों में भी ट्रैड यूनियन्ज आगे बढ सकें। डिप्टी स्पीकर साहब, इसके बाद में डिमांड नं0 23 जो ट्रांसपोर्ट महकमे के बारेम में है इसके बारे में केवल एक ही बात कहना चाहती हूं। यह जो 86 हजार रुपए ट्रांसपोर्ट के लिए रखे गए हैं, मैं यह नहीं कहूंगी कि इतने ज्यादा क्यों रखे गये हैं। मैं इसकी नुक्ताचीनी नहीं करती। भाायद

ज्यादा इसलिए रखे गये हों कि जहां पर बस स्टैंड नही हैं, वहां पर बस स्टैंड बनाए जाने हों। लेकिन मैं यह बात चीफ पार्लियामैंटरी सैक्रेटरी साहब के नोटिस में लाना चाहती हूं और इससे पहले भी यह बात उनके नोटिस में लीा चुकी हूं कि अम्बाला का जो बस स्टेंड है, बह बहुत छोटा है। वह इतना छोटा है कि बसों को बिल्कुल सडक पर आकर के ही खडा होना पडता है। यह 86 हजार रुपया बहुत कम है। इसलिए मैं चीफ पार्लियामैंटरी सैक्रेटरी साहब से अर्ज करती हूं कि अम्बाला कैंट के के बस स्टैंड को बडा करने के लिए चाहे अभी कुछ पैसे और रखें चाहे अनुपूरक अनुमानों द्वारा उन्हें इसके लिए मांग लानी पडे लेकिन अम्बाला के बस स्टैंड को बडा बनाया जाये क्योंकि जी0टी0 रोड पर यही एक बस अड्डा है जाहं पर हर बस जरूर रूकती है। इन भाब्दों के साथ में आपका धन्यवाद करती हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया।

श्री इन्द्रजीत सिंह (जाटुसाना): डिप्टी स्पीकर साहब, मैं सिर्फ मांग न0 2 और 3 पर ही बोलना चाहूंगा। सबसे पहले तो आप सभी मुझसे सहमत होंगे कि जो आम आदमी हैं, उसको सबसे पहले तो अपना जायज हक मिलना चाहिए। जैसे यदि कोई कम्पीटी ान हो, उसमें भी उसको बराबर का हक मिलना चाहिए। अगर हर एक चीज में उसको बराबर समझैंगे तो उसे बराबर तौर पर हम मिलेगा। अगर किसी काबिल आदमी को अपना हक नहीं मिलता है तो वह यह समझता है कि मरे साथ दुभात हो रही है

और लोग यह कह सकते हैं कि जनरल एडमिनिस्ट्रे ान फेल हो गई है। (विघ्न) इसके बारे में थोडी देर पहले बहन सुशमा जी ने कहा था इसलिए मैं इस पर ज्यादा नहीं कहूंगा। (विघ्न)

डिप्टी स्पीकर साहब, इसके बाद मैं ट्रांस्फर्ज के बारे में कहना चाहता हूं कि डिस्ट्रिक्टस के अन्दर मास्टर से ले करके बडे से बडे अफसरों तक के एक साल में चार चार बार ट्रांसफर होते हैं और जो बडे बडे अफसरान हैं जैसे आई0ए0एस0 और एच0सी0एस0 हैं उनके भी तबादले होते हैं। यह तबादले क्यों होते हैं ? इसके बारे में मैं तो यह समझता हूं कि वह अफसर पोलिटिकली बातों के लिए फिट नहीं होता इसलिए उसका तबादला कर दिया जाता है। अगर वह वहां पर भी सूट नहीं करता तो उसको वहां से भी बदल दिया जाता है। इसलिए यह जो आई0ए0एस0 अफसर हैं इनको कम से कम कुछ साल के लिये तो एक जगह पर रहने दिया जाये वैसे तो यह जो वजीर साहेबान हैं, उनको भी पता नहीं कि आज मेरे पास कौन सा महकमा है और कल को कौन सा होगा लेकिन डिप्टी स्पीकर साहब, मैं यह अर्ज करूंगा कि यह जो तबादले होते हैं यह सिर्फ अफसरों को डिमारेलाइज करने के लिए होते हैं। यह आजकल ही नहीं बल्कि यह उनके साथ तब तक होते रहेंगे जब तक वह सर्विस में रहेंगे। अगर उनके ऊपर पोलीटिकल प्रै ार पडत है तो वह डिमारेलाइज होकर यह सोचेगाच कि अगर दूसरी सरकार भी आ गई तो वह भी उसको अपना ठीक तरह से काम नहीं करने रदेगी। डिप्टी

स्पीकर साहब, मेरी समझ में तो यह नहीं आता है कि सरकार किसी तरीके से यह ट्रांस्फर्ज करती हैं। जहां तक मैं सोचता हूं कि यह सरकार यही सोच रही है कि तीन साल हम काम और कर लें फिर तो हमारे सिर से यह बला टल जाएगी। इससे आगे जो सरकार आएगी यह बला उसके सिर आ जाएगी वह खुद संभाल लेंगी। डिप्टी स्पीकर साहब, इसके बाद मैं कहना चाहता हूं कि जो अफसरान हैं, उनके द्वारा पैसा इकट्ठा किया जाता है। जैसे चन्दा इकट्ठा किया जाता है यह बहुत गलत काम है। यह काम गलत क्यों है इसलिए है कि जो अफसर लोगों से पेसे लगता है अगर उस अफसर से कोई आदमी यह कह दें कि मेरा यह काम कर दें तो वह किस मुंह से कह देगा कि मैं आपको काम नहीं कर सकता चाहे वह काम गलत भी क्यों ने हो। वह काम उस अफसर को करना पडेगा। यह एक किस्म की कुरप्ान ही है। इससे अफसर का जो मोरल स्टैंडर्ड है वह एक तरह से गिर जाता है। तो मैं इस सरकार को कहना चाहता हूं कि आप इन अफसरों को काम करने दीजिए। उसके साथ यह नहीं होना चाहिए कि उनके ऊपर पोलिटिकली प्रै ार डाल करके उनसे कोई काम करवाया जाए। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं तो समझता हूं कि जो अफसर हैं वही सरकार का काम चलाते हैं अगर उन अफसरों को इधर उधर कर दिया जाता है तो पार्टी तो 5 साल के अंदर आ करके चली जाती है लेकिन यह अफसर तो रिटायर होने तक सर्विस में रहते हैं। इसालिये यदि सरकार के काम इन अफसरों के ऊपर ही निर्भर हैं तो उनको ठीक काम करने दीजिए। हाउस के अंदर एक बात

और सुनने में आई कि जो अफसर कुरप्ट हैं उनको तबादला के देना चाहिए। मैं इस बात से भी बिल्कुल सहमत हूं कि जो अफसर कुरप्ट हैं उसका तबादला कर देना चाहिए लेकिन तबादल कर देने से उसकी कुरप ान तो नहीं हट जायेगीं यदि वह ऐसा गलत काम करता है वह काम करना बंद तो नहीं कर देगा। डिप्टी स्पीकर साहब, इनके लिए लोकपाल और लोकायुक्त की नियुक्ति होनी चाहिए। अगर कोई अफसर या कोई पोलिटीि ायन कुरप्ट हैं तो उसको लोकपाल के सामने पे ा किया जाना चाहिए। वह परमानैंट होना चाहिए कोई भी सरकार उसे हटा न सके। इस तरह से इस कुरप ान के अंदर सुधार आ सकेगा। काफी दिन से हरियाणा के अंदर कुरप ान का सिलसिलाच चला आ रहा है। सबसे पहले हरियाणा सरकार को चाहिए कि वह लोकपाल और लोकायुक्त मुकर्रर करें। डिप्टी स्पीकर साहब, इसके अलावा मैं एक बात बोर्ड के बारे में कहूंगा। जैसे पब्लिक सर्विस कमी ान या सबार्डीनेट सर्विस सलैक ान बोर्ड हैं। इनके अंदर न तो किसी पोलिटीकल आदमी की सिफारि ा होनी चाहिए और न ही इनके द्वारा सर्विस लगवाने के लिए किसी आदमी की सिफारि ा करनी चाहिए। थोडे दिन पहले ही इसके बारै में एक सवाल आया था, मेरे ख्याल से वह सवाल नम्बर 882 था। उसके जवाब में मंत्री महोदय ने कहा था कि जब लोगों को एम्पलायमैंट दी जाती है तो यह भी कंसीडर किया जाता है कि किसी पोलिटिकल आदमी ने या किसी एम0एल0ए0 ने सिफारि ा की है। (विघ्न) इन्होंने खुद ही यह

माना है। इस तरह से नहीं होना चाहिए। इन भाब्दों के साथ में आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया।

श्री भाम ोर सिंह (नरवाना): उपाध्यक्ष महोदय, मैं डिमांड नं0 2 और 16 के बारे में कुछ कहना चाहता हूं। डिमांड नं0 2 जो कि सामान्य प्र ाासन के बारे में है, उसके अंदर 6 करोड से ज्यादा रुपये का प्रावधान किया गया है। हमारी स्टेट में बावजूद इस बात के कि जनता पार्टी का यह फैसला था कि वह हाउस की स्टैंथ का 10 परसैंट से ज्यादा मंत्री नहीं बनाएंगे। इन्होनें 9 की बजाय 16 मंत्री बनाए और इसके बावजूद भी एडमिनिस्ट्रे ान के ऊपर मंत्रिमंडल का ग्रुप जो है, वह मुकम्मल नहीं है और पूरा नहीं है। उपाध्यक्ष महोदय, उसका कारण यह है कि जो मंत्रिमंडल है, जो मंत्रिमंडल के सदस्य हैं उनमें आपस में कोलीजन या तालमेल नहीं हैं (विघ्न) जो मंत्री हैं वह क्रौस परपसिज पर काम करते हैं जिसकी वजह से जो मंत्रिमंडल का नक ाा है वह आम लोगों की नजरों में बहुत अच्छा बहुत सुन्दर और साफ नहीं है।

वित्त मंत्री (श्री मूल चन्द जैन): क्या आप दो चार मिसालें दे सकते हैं ?

श्री भाम ोर सिंह: उपाध्यक्ष महोदय, मंत्रिमंडी के ठीक तौर पर ग्रिप न होने के कारण जैसा कि श्रीमती सुशमा स्वराज ने कहा है मैं इनकी बात नहीं दोहराऊंगा सिर्फ इतना ही कहना

चाहूंगा कि डेढ दो साल मंत्रिमंडल बने हुए हो गया है।इन डेढ दो सालों में कई बार ओथ टेकिंग सैरेमनीज हुई हैं और कोई दो दर्जन बार महकमे बदले जा चुके हैं सिवाये इरीगे ान एंड पावर महकमे के, कोई दूसरा ऐसा महकमा नहीं है जो कई बार बदला न गया हों। यहां तक कि फाइनांस डिपार्टमैंट जैसा महत्वपूर्ण महकमा चार दफा बदला जा चुका है। चार मुख्तलिफ मंत्रियों के पास यह महकमा रह चुका है। उपाध्यक्ष महोदय, पब्लिक इमेज ठीक न होने का दूसरा कारण है एडमिनिस्ट्रे ान में कोलिजन का न होना। जैसा कि पहले कहा जा चुका है एडमिनिस्ट्रे ान सैक्रेट्री से लेकर नीचे छोटे से छोटे अफसर तक सरकारी अफसरों को न सिर्फ उनको ट्रांस्फर किया गया बल्कि सियासी मदाखलत की बिनां पर बडभ फ्रीक्वेंटली ट्रांस्फर की गई। बावजूद इस फैसले के कि मुख्य मंत्री साल में एक बार ट्रांसफर करेंगे, उनको बिना वजह सियासी मदाालत के आधार पर ट्रांस्फर किया गया। मैं आपको एक उदाहरण देना चाहता हूं। नरवाना के नायब तहसीलदार को दो महीने पहले इसलिए बदला गया कि उन्होंने जनता पार्टी के लीडर के कहने पर गलत गिरदावरी नहीं की। हाउस के सारे मैम्बरान इस बात को जानते हैं कि सियासी मदाखलत की बिना पर बे ाुमार सरकारी कर्मचारियों को ट्रांस्फर किया जाता है। पिछले दिनों हाउस में बताया गया था कि कहीं कहीं पर एक पोस्ट के ऊपर कई कई ट्रांस्फर आर्डर्ज कर दिए गए।

चौधरी राम कि ानः उपाध्यक्ष महोदय, मेरा प्वांयट आफ आर्डर है इन्होंने कहा कि जनता पार्टी के लीडर की वजह से ट्रांसफर किया गया। क्या ये उस लीडर का नाम बतायेंगे जिसकी वजह से नायब तहसीलदार का तबादला हुआ था ?

श्री भाम ोर सिंहः नाम तो मुत्री जी बता देंगे जब वे बोलेंगें मैं कह रहा था कि एक एक पोस्ट पर कई कई आफिसरों को तबदील कर दिया गया इसके दूसरी तरफ कई ऐसी पोस्टें थी जो लगातार खाली पडी रही, लेकिन उन पर कोई ट्रांसफर नहीं की गई। इन कारणों की वजह से मिनिस्ट्री का, मंत्रिमंडल का एडमिनिस्ट्रे ान पर पूरा ग्रिप नहीं है। उपाध्यक्ष महोदय, एक बात और कहना चाहता हूं जिसको हरियाणा के सारे लोग और सारे एम0एल0एज0 महसूस करते हैं। हमारे सबसे बडे दफतर सिविल सैक्रेटेरियट से लेकर जिला, सब डिवीजन और तहसील लैवर तक तिजने दफतर हैं इनमें आम आदमी के काम आसानी से नहीं होते। मैं व्यक्तिगत तौर पर किसी कर्मचारी की नुक्ताचीनी नहीं करता लेकिन आम आदमी का यह ख्याल है कि ये दफतर इनके अपने लिए बने हुए हैं खुद के लिय बने हुए हैं। दफतरों में लौगों के किसी काम में रूकावट भले ही पड जाए किसी आदमी का काम बगर किसी सिफारि ा के बगैर किसी रि वत के और बगैर पोलीटीकल एप्रोच से होने वाला नहीं हैं (व्यवधान) छोटे दफतर से लेकर बडे दफतर तक किसी के मन में यह इच्छा नहीं कि आम आदमी के काम किए जाएं। उलटा हर स्तर पर इस बात का पूरा

पूरा ध्यान रखतें हैं कि किसी का काम बन कर न चला जाए। उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से यह भी कहना चाहता हूं कि सैक्रेटेरियट स्तर से लेकर नीचे के स्तर तक सरकारी खर्चे लगातार बढते जा रहे हैं। करोडों रुपये के फिजूल खर्चे इस सासल क्रिएट किए गए हैं, फिजूल प्रोवीजन किये गये हैं, उन खर्चों को बचाया जा सकता है क्योंकि ये खर्चे सो ाल तौर पर, सामाजिक तौर पर अनुचित हैं। मैं आपको उदाहरण देना चाहता हूं। सैक्रेटेरियट की कंटीन के लिए सरकार ने 1 लाख रुपये की सबसिडी रखी है। हरियाणा भवन दिल्ली और एम0एल0एज0 होस्टल की कंटीन के बारे में खर्चे का जिक्र भी हाउस में आ चुका है। इनमें सियासी आदमी हों, चाहे सरकारी आफिसर हों, खाना खाते हैं और ठहरते हैं।.....

चौधरी लाल सिंहः आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। चौधरी भाम ोर जी जो वकालत कर रहे हैं मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि पिछली जो सरकार थी जो लीडर हुए हैं उन्होंने कितनी कितनी कुरप ान की हैं, क्या मैं उनकी लिस्ट पढ दूं ?

श्री भाम ोर सिंहः उपाध्यक्ष महोदय, मैं अर्ज कर रहा था कि सरकारी आफिसर और सियासी लीडर जो वहां ठहरते हैं उनके खाने और चाय वगैरा देने के लिए गवर्नमैंट ने सबसिडी देने का प्रावधान किया है लेकिन इसके दूसरी तरफ एक बहुत बडा कंट्रास्ट है जो मैं बताना चाहता हूं। हरियाणा के जितने भी बस स्टैंड हैं, उन में खाना और चाय के लिए दुकानें खुली हुई

हैं। इन दुकानों की मारफत ट्रांसपोर्ट डिपार्टमैंट काफी पैसा कमाता है। हर कंटीन हर साल बोली पर दी जाती है। नतीजा यह होता है कि उन कंटीनों में जो चीजें बिकती हैं वे बाजार के भाव के मुकाबले में डेढ गनुी दो गुनी भाव पर बिकती है।

चौधरी गंगा रामः आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। डिप्टी स्पीकर साहब, ...

श्री भाम ोर सिंहः आप यदि और भी कुछ कहना चाहते हैं तो वह भी कह लें। (व्यवधान) उपाध्यक्ष महोदय, मैं कह रहा था कि बस स्टैंडज पर जो कंटीनें हैं उन में रद्दी और खराब चीजें मिलती हैं और बाजार से बहुत महंगी होती हैं। जन साधारण लोग गरीब लोग जो बसों के सफर करते हैं बस का किराया देतें हैं उनको तो गन्दी और महंगी चीजें और दूसरी तरफ सरकारी आफिसरों की कंटीनों की हालत सुधारने के लिए सबसिडी पर खर्चा किया जाए, यह बडे भारी कंट्रास्ट की बात हैं बहुत बुरी बात है। सरकारी अफसरों को यह फैसिलिटी बंन करनी चाहिए। उपाध्यक्ष महोदय, सरकार कारें या कोई भी व्हीकल जो सरकारी आफिसर यूज करते हैं, सबडिविीजन लैवल से लेकर सैक्रेटेरियट लैवल तक जो कार आफिसर यूज करते हैं इनके बारे में मैं सुझाव देना चाहता हूं जब तक सरकार इंडीविजुअल तौर पर दी हुई व्हीकल की फैसिलिटी बंद न करेगी तब तक कारों का मिसयूज बंद नहीं होगा। इनकी जगह एक स्टाफ कार होनी चाहिए चाहे चण्डीगढ़ की बात है चाहे जिला स्तर की बात है चाहे सब

डिवीजन की बात है हर जगह स्टाफ कार होनी चाहिए। **(इस समय सभापतियों की सूची में से एक सदस्य चौधरी प्रताप सिंह ठाकरान पदासनी हुए।)** जिस आफिसर ने टूर पर जाना हो वह अपनी जस्टिफिके ान लिख कर भेज और उसकी जस्टिफिके ान की अरजैंसी को देखते हुए स्टाफ कार प्रोवाइड की जाए। आपको अच्छी तरह पता है ये कारें प्राईवेट काम करने के लिए हैं, चाहे बाजार में जाना हो, चाहे कहीं परचेंजिंग करने के लिए जाना हो चाहे आफिसर की फैमिली ने सिनेमा देखने जाना हो चाहे दौरे पर जाना हो। इंडिविजुअल तौर पर जो कारें दी हुई हैं इनका परसनल कामों के लिए यूज कररके मिसयूज होता है। मैं समझता हूं कि आफिसर्ज को नीचे से ऊपर तक जो कारें दी हुई हैं, 24 घंटे यूज करने के लिए दे रखी हैं यह सब खर्चे की आईटमें हैं। इन कारों को वापस लेकर खर्चा घटाना चाहिए इसके इलावा दफतरों में एयर कंडी ानर और हीटर भी खर्चे की आईटम्ज हैं। यहां पर इतनी सर्दी नहीं पडती कि किसी से बर्दा त न हो और न ही इतनी गर्मी पडती है कि आदमी काम ही न कर सके। इस प्रांत के लाखों करोडों आदमी बिना एयर कंडी ानर और हीटर के काम करते हैं इसलिए सरकार अगर खर्चे में कमी करना चाहती है तो एयर कंडी ानर्ज या डीटर्ज दफतरों से भी और रैजिडैंन्सिज से भी खत्म करने चाहिएं।

चेयरमैन साहब, 1977 में जब देवी लाल जी सरकार बनी तो इन्होंने कोई आधाी दर्जन के करीब एडवाइजर्ज मुख्तलिफ

स्फीयर्ज में एडवाईस लेने के लिए रखे लेकिन बहुत अच्छी बात है कि हाउस में जब बात उठी और लोगों ने भी जब इसके विरूद्ध आवाज उठाई तो 99 परसैंट एडवाइज्र्ज की इन्होनें छुट्टी कर दी। लेकिन आज भी दो ऐस एडवाइज्र्ज मौजूद हैं। एक एडवाइजर विजिलैंस के हैं जिसके बारे में हाउस में बडी चर्चा हुई हैं इस विजिलैंस कमेटी के ऊपर लाखों रुपयों का खर्च हैं जबकि इसका कोई काम नहीं है। चौधरी साहब ने हाउस में एक बात कही थी कि पोलिटीकल आदमियों और एम0एल0एज0 आदि की गतिविधियों को पता करना जरूरी है। इस बात के लिए तो इनके पास आलरेडी सी0आईडी0 और विजिलैंस के महकमे हैं। .....

सहकारिता तथा दुग्ध विकास मंत्री (चौधरी भजन लाल): चेयरमैन साहब, ऐसा है कि जब तक माननीय सदस्य के पास इस बात का प्रूप न हो कि वे प्राईवेट काम करते हैं तक तक हाउस में ऐसी बात नही कहनी चाहिए।

श्री भाम ोर सिंहः ..... (विघ्न)

मुख्य मंत्री (चौधरी देवी लाल): स्पीकर साहब, जो भाख्स हाउस में जवाब न दे सके, उसका नाम लेना यहां मुनासिब नहीं है। इसलिए इस बारे में इन्होंने जो कुछ कहा है उसे कार्यवाही से एक्सपंज कर दिया जाये।

श्री सभापतिः यह पो ार्न एक्सपंज कर दिया जाए।

श्री भाम ोर सिंहः .....

उद्योग मंत्री (डा0 मंगल सैन): चेयरमैन साहब, अगर सरकार के खिलाफ ये कोई बात कहना चाहते हैं तो ये कोई सबस्टांटिव मो ान लाएं उसको एडमिट कराएं और फिर हाउस में ऐलीगे ांज लगाएं। हम उसको मुंह तोड जवाब देंगे।

श्री भाम ोर सिंहः .....

इन बातों को ध्यान में रखते हुए मैं समझता हूं कि इन दोनों आदमियों का जिनका मैंने जिक्र किया है, कोई औचितय नहीं है।

इसके बाद डिमांड नं0 16 के बारे में भी चेयरमैन साहब, थोडा सा मैं कहना चाहूंगा। पिछले कुछ महीनों से हाउस के अंदर भी और बाहर भी डा0 मंगल सैन जी ने जो इंडस्ट्रीज मिनिस्टर साहब हैं और दूसरे मंत्रियों ने भी बहुत बढा चढा कर एक प्रौपेगैंडा माउंट किया है। जो बिल्कुल झूझा है। रूरल इंडस्ट्रिलाइजे ान की बात बहुत थोथी बात है। इसमें कोई सच नहीं है। इसके अंदर कोई तथ्य नहीं है। डा0 मंगल सैन जी ने मेरे ही एक सवाल के जवाब में जो आंकडे दिए हैं वह मैं हाउस के सामने पढना चाहता हूं। एक तरफ तो ये क्लेम करते हैं कि दो लाख के करीब पढे लिखे बेरोजगार नौजवानों को रोजगार दिलाया है और इतने यूनिट कायम कर दिए हैं लेकिन मेरे सवाल नं0 1032 के जवाब में इन्होंने जो आंकडे दिए हैं वे मैं हाउस को बताना चाहता हूं। मेरा प्र न था –

"(a) the number of units registered under Rural Industrialisation programme in the Stat from 1st January to 31st December 1978,

(b) the number of persons actually employed/benefited under the said scheme during the above period;

(c) the amount of loan/subsidy advanced by the Govt. to such units durinig the above period ... "

इसके जवाब में इन्हौंने ये फिगर्ज दी हैं –

(a) Number of units registered 498.

(b) Number of personas actually employed/benefited 1286.

(c) Amonth of loan granted Rs. 378400/-

यानि 1286 आदमियों को 498 यूनिटस के लिए लगभग पौने चार लाख रुपये का लोन दिया है। इतना छोटा सा पाल्टरी सम देकर डा0 मेगल सैन जी क्लेम करते हैं कि बहुत ज्यादा लोगों को रोजगार दे दिया है। इसके अलावा लार्ज और मीडियम स्केल इंडस्ट्रीज का जहां तक ताल्लुक है इसके बारे में इसी सवाल का एक पार्ट यह था –

"(e) the amount of loan advanced/subsidy given to large and medium sclae units by Govt. or other Government agencies during the above period ?"

इसके बारे में इनका जवाब है –

(e) (i) subsidy –Nil

(ii) Loan advnced Rs. 8724000/-

कहने का मतलब यह है कि रूरल इंडिस्ट्रिलाइजे ान के तहत इन्हौंने 378420 रुपये दिए और लार्ज स्केल और मीडियम इंडस्ट्रीज के लिए 8724000 रुपये दिए। (विघ्न) यह एक साल की फिगर्ज हैं। चेयरमैन साहब, मैं इस संबंध में दो स्पैसिफिक इंस्टांसिज भी इनको देना चाहता हूं। उनको बिल्कुल कर्जा नहीं मिला। जींद जिले में इसी महीने 13–3–79 को हमारे रेवेन्यू मिनिस्टर साहब श्री प्रीत सिंह राठी जी ने मैंसर्ज राधास्वामी आयल एंड कॉटन इंडस्ट्रीज गुरथली तहसील नरवाना को यह सर्टिफिकेट दिया कि तुमको लोन मिल चुका है लेकिन उपाध्यक्ष महोदय, हुआ क्या ? उसको बैंक के मैनेजर ने लोन देने से इंकार कर दिया।

चौधरी राजेन्द्र सिंहः चेयरमैन साहब, मेरा प्वांयट आफ आर्डर है सुरजेवाला जी बोलते बोलते परे ाान हो गए हैं और घबरा भी गए हैं क्योंकि ये चेयर को प्रौपरली ऐड्रैस भी नहीं कर रहे हैं। ये आपको उपाध्यक्ष महोदय, कह रहे हैं इसलिये अब आप इन्हें बैठने के लिए कहें (विघ्न)

श्री भाम ोर सिंहः सौरी। चेयरमैन साहब, मैसर्ज राधास्वामी आयल एंड काटन इंडस्ट्रीज वाले जब बैंक मैनेजर के पास एग तो वहां के एक आढती के मकान की रजिस्ट्री उनके पास थी लेकिन बैंक मैनेजर ने उस रजिस्ट्री को प्लैज करने से इंकार कर दिया। उसके बाद वे अपनी जमीन की रजिस्ट्री और बीमे का

सर्टिफिकेट लेकर गए लेकिन तब भी बैंक मैनेजर ने लोन देने से इंकार कर दिया। बावजूद इसके कि उसके पास मंत्री महोदय द्वारा दिया गया सर्टिफिकेट था उसको लोन नहीं मिल सका। चेयरमैन साहब, ग्रामोद्योग के लिए लोन दिए जाने के बारे में इन्होंने जो इंस्ट्रक ान्ज जारी की है उसमें यह लिखा है कि लोन बिना किसी जमानत के या बिना कुछ प्लैज किए दिया जाएगा। लेकिन इस केस में हालांकि उसने जमानत भी दी तब भी लोन नहीं मिला।

चेयरमैन साहब, इसी तरह का एक केस और है। वह एक साल पुराना है। वह हरियाणा कंटेनर्ज इंडस्ट्रीज बरवाला का है। उन्होंने एक लाख सत्तर हजार रुपये के कर्जे के लिए अक्तूबर 1978 में ऐप्लाई किया था। तमाम फार्मेलटीज पूरी कर ली गई थीं। इंस्पैक ान भी हो चुका है लेकिन आज तक उन्हें लोन नहीं मिला। चेयरमैन साहब, ऐसे केवल दो उदाहरण ही नहीं हैं, इस तरह के सैंकडों उदाहरण मौजूद हैं। इस बात के बावजूद कि जलसों में लोगों को सर्टिफिकेटस दिए गए उन्हें कोई कर्जा नहीं मिला हैं जहां तक रोजगार देने का सवाल है मैं फिर इस बात के ऊपर जोर देना चाहता हें कि यह स्कीम एक झूठा प्रचार है। किसी पढे लिखे बेरोजगार लडके को कोई सबस्टांि ायल कर्जा मिला ही नहीं है और न ही कोई यूनिट मिला है। इसलिए मैं सरकार से यह कहना चाहूंगा कि वह इन सारी बातों को जरा गौर से देखे।

चौधरी राजेन्द्र सिंह (बल्लभगढ): चेयरमैन साहब, डिमांड नं0 2 पर बोले हुए मैं यह कह सकता हूं कि जहां तक जनरल एडमिनिस्ट्रे ान का संबंध है, आज सारे दे ा में किसी प्रदे ा के अंदर सबसे अच्छा और बढिया जनरल एडमिनिस्ट्रे ान अगर कहीं है, तो वह हरियाणा प्रदे ा के अंदर है। इसके लिए मैं सरकार की प्र ांसा करते हुए इसे बधाई देता हूं। लेकिन इसके साथ साथ कहीं कहीं पर कुछ ऐसी अप्रिय घटनाएं हो जाती हैं जो हमारे मुख्य मंत्री जी या अन्य मंत्रियों के नोटिस में नहीं आतीं। उन अप्रिय घटनाओं की वजह से हमारे सारे एडमिनिस्ट्रे ान की जो तस्वरी है वह भद्दी हो जाती है। हमारे फरीदाबाद कंपलैक्स के अंदर अक्सर ऐसी घटनाएं होती रहती हैं। इसके संबंध में मैं मुख्य मंत्री जी का ध्यान एक अभी घटी अप्रिय घटना की ओर दिलाना चाहता हूं। हमारे यहां बाद ाह खान हस्पताल बहुत पुराना हस्पताल है। उसके अंदर एक सज्जन और अच्छे तजुर्बेकार हैं डा0 भक्त। वहां डाक्टर्ज के अंदर कुछ इनफाइटिंग सी है और वे चाहते हैं कि डा0 भगत को वहां से तबदील कर दिया जाए। अभी कुछ दिन पूर्व की घटना है। डा0 भगत जब हस्पताल में डयूटी पर थे तो एक सज्जन ने फर्जी बिलों पर उनसे हस्ताक्षर कराने चाहे। जब डा0 भगत ने ऐसा करने से इंकार कर दिया तो उनकी बडी मार पिटाई की गई। हस्पताल के बाहर पकड कर निकाल दिया और उनकी कार के भी ो तोडे गये। उनके कपडे फाड दिये गये। इसलिए मैं आदरणीय हैल्थ मिनिस्टर साहब से निवेदन करूंगा और पहले भी निवेदन कर

चुका हूं और बडे दु:ख के साथ कहना पडता है कि जिन लोगों ने डा0 भगत के साथ ऐसा दुर्व्यवहार किया है उनके खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाये जाने चाहिएं।

दूसरी बात यह है कि फरीदाबाद कम्पलैक्स के अंदर लेबर प्रोबलम दिन प्रति दिन बढती जा रही है। मैंने इस संबंध में पहले भी सदन के सम्मुख अपने विचार रखे थे। चौधरी भजन लाल जी ने इस विभाग को संभालने के प चात लेबरर्ज की प्रोब्लम को हल करने के लिए काफी कदम उठाये हैं और अपनी ओर से भरसक प्रयत्न कर रहे हैं। गुड ईयर फैक्टरी को खुलवाने के लिए हरियाणा सरकार ने काफी प्रयत्न किया है। अभी पिछले दिनों में मैं भी वहां पर था वहां के वर्कर्ज ने बताया है कि वह भीघ्र ही चालू होने जा रही है। मैं सब लेबरर्ज की ओर से चौधरी भजन लाल जी को बधाई देता हूं कि उन्होंने उस फैक्टरी को खुलवाने में मदद की है। वहां पर भी 1500 के करीब वर्कर्ज काम करते हैं। वहां पर तीस ऐसे एम्पलाइज हैं जो रैगूलर हैं वहां पर एक यूनियन है जो उन तीस वर्कर्ज को फैक्टरी में नहीं आने देती है। मैंने डी0सी0 साहब को और एस0पी0 साहब को भी कहा था कि अगर इस समस्या का हल नहीं किया गया तो यह विकराल रूप धारण कर लेगी और सारे क्षेत्र में लेबर की प्रोब्लम एक समस्या बन जायेगी।

सभापति महोदय जी अब मैं डिमांड नं0 9 के संबंध में कुछ अर्ज करना चाहूंगा। अभी तक सरकार ने ि ाक्षा के बारे में

कोई ठोस पग नहीं उठाये हैं और न ही अभी तक अध्यापकों का जो फर्ज होना चाहिए वे उन्हें निभा पा रहे हैं। मैं ि ाक्षा मंत्री महोदय से निवेदन करूंगा कि ि ाक्षकों के ट्रांसफर की एक पालिसी बना ली जानी चाहिए। बार बार बिना किसी बात के ही तबादले कर दिये जाते हैं जिसके कारण बडी भारी दिक्कत बच्चों को भी और टीचर्ज को भी होती है। आने वाले समय में अध्यापकों के लिए एक पालिसी बनाई जायें जिससे एम0एल0एज0 का पीछा छूट जाये। अगर किसी एम0एल0ए0 के कमरे में बीस आदमी बैठे हें। तो अधिकतर अध्यापकों के ट्रांसफर रूकवाने वाले या करवाने वाले होंगे। इसलिए परमानैंट तौर पर कोई पालिसी अख्तियार करनी चाहिए। दूसरी बात यह भी है कि कई अध्यापकों के साथ बडी हैरासमैंट होती है वह भी बंद होनी चाहिये ताकि वह बच्चों को ठीक प्रकार से ि ाक्षा दे सकें।

जहां तक डिमांड नं0 12 का सवाल है यह लेबर एंड एम्पलाएमैंट के बारे में हैं। मैं इस बारे में लेबर एंड एम्पलाएमैंट मिनिस्टर साहब से निवेदन कयंगा कि जो भी कुरप्ट अफसर हैं उनको बदला जाये और एडमिनिस्ट्रे ान को ठीक चलाया जाये। लेबर की समस्या तब तक नहीं सुलझेगी जब तक आपका उन पर डायरैक्ट कंट्रोल नहीं होगा। मैं यह भी कहूंगा कि महीने में दो विजिट मिनिस्टर साहब फरीदाबाद के अव य करें ताकि जो वहां के लेबर लीडर हैं, वहां की दिक्कतें आपके नोटिस में ला सकें।

मैं आपके जरिए सरकार से एक और निवेदन यह भी करूंगा कि फरीदाबाद की जनरल एडमिनिस्ट्रे ान की समस्या का समाधान एक ही तरीके से हो सकता है कि फरीदाबाद को जिला घोशित किया जाये। जब भी कोई मंत्री या मुख्य मंत्री महोदय जो इस क्षेत्र में जाते हैं सारे क्षेत्र के निवासियों की यही मांग होती है कि फरीदाबाद को जिला घोशित किया जाये और उनकी यह मांग न्यायासंगल भी है। जब तक उसाके जिला नहीं बनाया जायेगा तब तक वहां का एडमिनिस्ट्रे ान ठीक नहीं हो सकेगा।

हमारा पलवल और बल्लभगढ का एरिया हैं वहां के रहने वाले को अगर गुडगांव कै जिला स्तर के अफसरों को सम्पर्क स्थापित करना पडे तो बडी दिक्कत का सामना करना पडता है। पहले हमें बल्लभगढ से फरीदाबाद, फरीदाबाद से बदरपुर और बदरपुर से दिल्ली जाना पडता है। फिर दिली से वाया महरौली गुडगांवा पहंचना पडता है। अगर हमें डी0यी0 और एस0पी0 से मिलने जाना हो तो सारे का सारा दिन खराब हो जाता है। इसलिए फरीदाबाद को जिला घोशित किया जाये।

जहां तक डिमांड नं0 23 का सवाल है उसके बारे में भी मैं कुछ अर्ज करना चाहता हूं। हमारी ट्रांसपोर्ट की स्थिति आज बहुत खराब है। बिगडी हुई चीज का सुधार करने में समय लगता है। इस बारे में मेरा निवेदन है कि डिस्ट्रिक्टस लैवल पर वर्क ाापों में मैकेनिक भर्ती करके बसों को बहुत जल्दी से जल्दी ठीक कराया जाये ताकि ठीक से सर्विस हो सके।

श्री भागी राम (एलनाबादी –अनुसूचित जाति): चेयरमैन साहब, मैं आपको भाुक्रिया अदा करता हूं कि आपने मुझे बोलने का टाईम दिया। मैं मांग नं0 2, 3 और 16 पर अपने विचार रखना चाहता हैं। पहले मैं सामान्य प्र ाासन की डिमांड नं0 2 पर अर्ज करना चाहता हूं। चौधरी संत कंवर जी ने कहा था कि चीफ मिनिस्टर साहब कुछ मंत्री महोदय अपनी कोठी छोड कर एम0एल0एज0 फलैटस में आने का फैसला कर चुके हैं। या आ ही गये हैं। इस बारे में संत कंवर जी ने कहा कि बहुत बढिया काम किया है। यह काम मेरी समझ के मुताबिक बिल्कुल अच्छा नहीं हुआ। एम0एल0ए0 फलैट एम0एल0एज0 के लिए बने हैं अगर वहां पर मुख्य मंत्री महोदय आ गये तो वे कहां जायेंगे। हमारी चीफ मिनिस्टर साहब के पास से, पंजाब से या दुनिया के बडे बडे लीडर आते हैं। उनको कोई न कोई छोटा मोटा काम करवाना होता है इसलिए वहां पर कई बार तो दो सौा या चार सौ तक आदमी इकट्ठे जो जाते हैं मेरी समझ में जो यह फैसला किया गया है वह बिलकुल गलत किया है। ऐसा फैसला नहीं करना चाहिए था। यह फैसला जल्दी में कर दिया गया है और ऐसा नहीं करना चाहिए था। इस पर दोबारा विचार करके इस फैसले को वापिस लेना चाहिए और मंत्रियों को अपनी कोठियों में रहना चाहिए। यह तो ठीक है कि बडी कोठियों की बजाए छोटी कोठियों में रह लें। कोठियां बदलने का मेन मकसद यह था कि खर्चा कम हो। चेयरमैन साहब, देहात में कहावत है कि अगर मुर्दे के बाल काट दिए जाएं तो मुर्दा हल्का नहीं होता। कोठियां

छोडने से कोई खर्च में कमी नहीं होती। सरकार को तो इन अफसरों का खर्चा कम करना चाहिए। मैंने बडे बडे अफसरों को दखा है कि अगर बाजार से एक नींबू भी लाना हो तो जीप एक नींबू लेने जाती है। नींबू की कीमत सिर्फ पंद्रह पैस होती है और उस जीप में तेल पांच दस रुपए का पडता हैं इस तरह की और भी बहुत सी छोटी छोटी चीजें हैं जिनको लेने के लिए बाजार में डिपार्टमैंट की जीप या कार जाती है। मेरी सरकार से प्रार्थना है कि अफसरों के इस तरह के जो खर्च हैं, उनकी तरफ ध्यान देकर कम कराने चाहिएं। चेयरमैन साहब, बडी बार की बजाए छोटी कार लेने से भी खर्च में कोई कमी आने वाली नहीं है।

अब मैं आपका ध्यान डिस्ट्रिक्ट सिरसा की ओर दिलाना चाहता हूं। वहां पर हरियाणा और राजस्थान का बोर्डर लगता है। बोर्डर पर तलवारा एक गांव पडता है। वहां पर पानी की एक झील बनी हुई है। वहा ंपर नाजायज पिस्तौलें बनती हैं बंदूकें बनती हैं और वहां पर देसी भाराब निकलती है। वहां पर तीन चार बार छापे मारे गऐ हैं और तीन चार सौ सिपाही मौके पर भी गए लेकिन वहां पर कोई सामान नहीं पकडा गया। खाली ड्रम मिले, खाली बर्तन मिले और कुछ नहीं मिला। वे लोग सामान को इधर उधर कर देते हैं। वे लोग काफी बदमा ा हैं। मैं होम मिनिस्टर साहब को बताना चाहता हूं कि डैढ महीना हुआ उस वक्त छापा मारा गया था लेकिन वहां पर कुछ नहीं मिला। वे लोग पुलिस के काबू में नहीं आते हैं। उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई

है। मेरी राय है कि वहां पर एक पुलिस चौकी बिठा दी जाए जिससे कि वे लोग चोरी छिपे भाराब वगैरा न निकाल सकें। अब मैं उद्योगों के बारे में कहना चाहता हूं। सरकार की उद्योगौं के बारे में नीति है वह सराहनीय है। इससे हरिजनों को काफी ज्यादा फायदा होगा। लेकिन इसमें थोडी सी कमी है जो मैंने महसूस की है वह मैं सरकार के नोटिस में लाना चाहता हूं। हमारी सरकार की नीति है कि दो तीन या चार आदमी पार्टनरि ाप बनाएं और काम भ्रुरू करें। अभी पिछले दिनों सिरसा में ग्रिवेन्सिज कमेटी की मीटिंग हुई और उसमे जिला जनता पार्टी के प्रधान ने बताया कि ऐसे मामले हैं कि किसी आदमी ने अपनी पार्टनरि ाप बनाई जिसमें पहले तो एक आदमी को पार्टनर बना लिया लेकिन बाद में कहा गया कि उसको हम हिस्सा नहीं देते। हमने तो उसको कर्जा लेने के लिए हिस्सेदार बनाया है। मेरी सरकार से प्रार्थना है कि इस तरह के जो केसिज जैं उनको खत्म करना चाहिए और जो लोग इस तरह की हेराफेरी करके इंडस्ट्रीज कायम कर रहे हैं उनको बंद कर देना चाहिए। चेयरमैन साहब, अब मैं डिमांड नं0 9 के ऊपर थोडा सा कहना चाहता हूं जो कि ि ाक्षा के बारे में है। मैंने इसके बारे में पहले क्वै चन किया था और मंत्री महोदय ने जवाब दिया था .....

चौधरी गंगा रामः चेयरमैन साहब, आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। मैं ि ाक्षा के बारे में यह बताना चाहता हूं कि फ्लड के कारण गांवों में स्कूलों की बिल्डिंगें गिर गई हैं और अब बच्चों

को पढाने के लिए कोई जगह नहीं है। सरकार कहती है कि गांव वाले नई बिल्डिंग बनाकर दें। चेयरमैन साहब, गावं वालों ने पहले ही लाखों रुपए खर्च कर बिल्डिंगे बनाई थीं और अब फिर सरकार कहती है कि दुबारा बिल्डिंग बनाकर दो। गांव वाले बनाने में लाचार हैं। इसलिए मेरी सरकार से प्रार्थना है कि सरकार को बिल्डिंगे खुद बनानी चाहिएं।

श्री सभापतिः आप अपनी बात उस वक्त कह लेना जब आपकी बोलने की बारी हो।

श्री भागी रामः चेयरमैन साहब, मैं ि ाक्षा के बारे में बता रहा था कि मंत्री महोदय ने मेरे एक सवाल के जवाब में यह बताया था कि रोहतक में इतने हाई स्कूल हैं और सिरसा में इतने हाई स्कूल हैं। मैं मंत्री महोदय से प्रार्थना करूंगा कि सिरसा ि ाक्षा के क्षेत्र में जितना पीछे है उसके हिसाब से वहां पर कम से कम पच्चीस स्कूल और खोल जाने चाहिएं।

चेयरमैन साहब, अब मैं डिमांड नं0 23 के बारे में कहना चाहता हूं। सरकार ने बसों में कुरप्ान को दूर करने के लिए एक छापामार दस्ता कायम किया है। मेरी सरकार से प्रार्थना है कि इस तरह के कई दस्ते बनाये जाने चाहिएं जिससे कि जो ड्राईवर और कंडक्टर मिल जुल कर टिकट नहीं काटते या सवारियां टिकट नहीं लेती उसमें भी सुधार हो सके।

श्री दीप चन्द भाटिया (फरीदाबाद): चेयरमैन साहब, मैं डिमांड नं0 2 के बारे में बोलने से पहले अपने चीफ मिनिस्टर साहब और दूसरे मिनिस्टर साहेबान को मुबारिकवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने सरकारी खर्च को कम करने का फैसला किया है। मैं दो दिान यहां नहीं आ सकता था क्योंकि मेरे एक रि तेदार की डैथ हो गई थी और मैं वहां चला गया था। यह जो फैसला किया गया था कि चीफ मिनिस्टर साहब और दूसरे मिनिस्टर साहब फ्लैटों में आ रहे हैं इसके लिए मैं उनका धन्यवाद करता हूं। जनता पार्टी के सदस्य और मिनिस्टर साहब कांग्रेस के मिनिस्टर साहब जैसे नहीं हैं इनमें और उनमें बहुत डिफरैंस है। चीफ मिनिस्टर साहब ने सबसे पहले इस भाुभ काम का मुहुर्त किया है। इसके लिए मैं एक बार फिर उनका धन्यवाद करता हूं और मुझे आ ाा है कि दूसरे मंत्री महोदय भी ऐसा ही करेंगे। चेयरमैन साहब, इसके साि साथ मैं यह कहना चाहता हूं कि मंत्री बडी कारों को छोड कर छोटी फियट कारों को प्रयोग करें।

17.00 बजे।

जिनका कि पैट्रोल वगैरह का खर्चा कम होता है। साथ ही मैं अपने बडे बडे अफसरों को भी यह रिकवैस्ट करूंगा कि जिस प्रकार हामर मंत्री और दूसरे लोग खर्चे में किफायत कर रहे हैं, उसी प्रकार से वे भी अपने खर्चों में कमी करने का प्रयत्न करें। उनको भी इस बात का ध्यान रखना चाहिये कि आजकल पैट्रोल कितना महंगा हो गया है। अफसरों के पास सरकारी कारें

होती हैं। अतः उनको भी चाहिये कि जितनी बचत वे सरकार के धन की कर सकें, करें। मुझे उन सबसे यह पूर्ण आ ाा है कि वे मेरी इन बातों की तरफ अव य ध्यान देंगे। उनकी इस किफायत का असर लोगों पर भी पडेगा और वे भी उनके ऐसे पग को सराहनीय बताएंगे और जो गरीब आदमी बसों में सफर करते हैं उनके दिल में भी इस जनता सरकार के लिये सहानुभूति होगी।

चेयरमैन साहब, अब मैं फरीदाबाद टाउनि ाप के बारेम में कुछ कहना चाहता हूं जहां से पहले 40 परसैंट के करीब सरकार को आमदनी होती थी और अब वहीं से सरकार को 8 करोड रुपये की आमदनी होने जा रही है। यह जो 8 करोड रुपये की आमदनी है यह सरमायेदारों पर इंडस्ट्रियलिटस पर टैक्स के कारण हो रही है यह बिलकुल ठीक है कि सरमायेदारों से यह टैक्स अव य लिया जाना चाहिये। फरीदाबाद जो है यह बाबा फरीद की नगरी है यहां से 8 करोड रुपये की आमदनी सरकार को होगी और दूसरी तरफ हमारे मिनिस्टर साहेबान और बडे बडे अफसर साहेबान अगर अपनी तरफ से किफायत की पूरी कोि ा ा करेंगे तो मेरा ख्याल है कि इस प्रकार से कम से कम सरकारी की आमदनी दुगुनी होकर 16 करोड तो अव य हो जाएगी। इसलिये मेरी सरकार से प्रार्थना है कि यह इलाका पहले रेतीला इलाक था और यहां की आबादी सिर्फ 25 हजार की ही थी और फ्रंटीयर के लोगों ने आकर इसी डिवैल्पमैंट की और अब वहां की आबादी लाखों में हो गई है अतः मैं अपनी हैल्थ मिनिस्टर साहब से

निवेदन करूंगा कि वहां पर एक बडा हस्पताल होना चाहिये ताकि लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो और लोगों को इलाज वगैरह के लिये हर तरह की सहूलियतें मिल सकें।

चेयरमैन साहब, अब मैं सरकार से प्रार्थना करूंगा कि एमरजैंसी के टाईम में जो हजारों लोग झुग्गी झोंपडियां वाले बरबाद कर दिये गये थे और यह सारा काम पिछली सरकार के टाईम में इन्दिरा गांधी के टाईम में किया गया था उन लोगों को अब सरकार की तरफ से प्लाट दिये जाने चाहियें या फिर उन 12 हजार लोगों की सरकार की तरफ से मकान बनाकर दिये जाने चाहियें। इसके साथ साथ ही सरकार की तरफ से उन गरीब लोगों के बच्चों के लिये ि ाक्षा का भी पूरा प्रबन्ध किया जाना चाहिये। और उन गरीब मजदूर भाइयों के बच्चों का हर लिहाज से ख्याल किया जाना चाहिये।

चेयरमैन साहब, फरीदाबाद टाउनि ाप जो है वहां पर गंदगी बहुत है। मच्छरों की बुरी तरह से भरमार है। बेचारे मजदूर गरीब लोग सारा दिन काम करके आते हैं। रात को जब वे सोते हैं तो उनको मच्छरों को सामना करना पडता है जिसके कारण कई किस्म की बीमारियां उन लोगों को लग जाती हैं। इसलिये मेरी सरकार से प्रार्थना है कि इस तरफ भी पूरा पूरा ध्यान देकर वहां पर सफाई वगैरह का प्रबंध किया जाना चाहिये। जब बरसात का मौसम हो जाता है तो वहां पर इनता बुरा हाल हो जाता है कि लोग अपने घरों तक भी नहीं पहुंच पाते।

चौधरी बीरेन्द्र सिंहः चेयरमैन साहब, यह किस डिमांड पर बोल रहे हैं ?

श्री दीप चन्द भाटियाः चेयरमैन साहब, मैं डिमांड न0 2 पर बोल रहा हूं। मैं किसी पर इस बात का इलजाम नहीं लगा रहा, मेरा तो सिर्फ यही कहना है कि गरीब लोगों की सहूलियत के लिये हर तरह से ध्यान रखा जाए ताकि आम लोगौं का जनता पार्टी पर वि वास और पक्का हो जाए।

अब मैं डिमांड नं0 23 पर अपने विचार रखना चाहता हूं। हमारे मिनिस्टर साहब को और चीफ पार्लियामैंटरी सैक्रेटरी साहब को इस ओर ध्यान देना चाहिये क्योंकि बसों की हालत दिन व रात खराब होती जा रही है। मैं आपको बताता हूं कि जब चण्डीगढ़ से दिल्ली जाते हैं तो क्या देखा जाता है कि दिल्ली के लिये तो कई बसें हमारी मिल जाती हैं पर जब दिल्ली से फरीदाबाद की तरफ जाना होता है तो सिवाये डी0टी0सी0 के और दूसरी कोई बस दिखाई नहीं देती है। हमारे हरियाणा की बसें तो उस तरफ बहुत ही कम चलती हैं, और जो थोडी बहुत चलती भी हैं, उनकी हालत बहुत खसता है। इसलिये मेरा सरकार से निवेदन है कि एक तो बसों कें सुधार किया जाए और दूसरा अपनी स्टेट की आमदनी बढाने के लिये दिल्ली से फरीदाबाद के लिये हरियाणा की और बसें चलाई जाएं ताकि स्टेट का रैवेन्यू बढे और लोगों को भी आने जाने में सुविधा हो। यह जो फरीदाबाद कम्पलैक्स है यह चण्डीगढ़ से भी बढा हे इसके अंदर 50 के करीब

सैक्टर हैं। यहां पर लोकल बसों का भी इंतजाम होना चाहिये गरीब आदमियों को इधर उधर जाना होता है तो एक स्कूटर वाला उनसे कम से कम 5 रुपये झाड लेता है। अतः इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए वहां पर लोकल बसों का ज्यादा इंतजाम किया जाए। वहां पर टैक्सी वगैरह तो बिलकुल ही नहीं मिलती। अगर लोकल बसों का सरकार की तरफ से इंतजाम कर दिया जायेगा तो गरीब किसान मजदूर जो हैं उनको काफी राहत मिलेगी। सरकार इस ओर ध्यान देगी, मुझे पूर्ण आ ाा है।

इसके साथ मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारे जो पहले चीफ पार्लियामैंटरी सैक्रेटरी साहब थे उन्होंने यह वि वास दिलाया था कि हम फरीदाबाद को लोकल बसें भी देंगे और लोगों की तरफ हम खास तवज्जोह देंगे। मैं अपनी सरकार को यह बताना चाहता हूं कि यह जो फरीदाबाद है यह मिनी इंडया है, वहां पर कन्याकुमारी से लेकर क मीर तक के लोग रहते हैं। इसलिये इस जगह की तरफ अगर खास ध्यान दिया जाए तो मेरे ख्याल में यह सारे हिन्दुस्तान में सबसे बढिया जगह होगी, इसका नाम ऊंचा होगा, इसकी तरफ खास ध्यान दिया जाए।

चौधरी बीरेन्द्र सिंहः चेयरमैन साहब, अभी भाटिया साहब ने कहा कि फरीदाबाद में कन्याकुमारी से लेकर का मीर तक के लोग रहते हैं लेकिन ये पे ाावर के लोगों को भूल गये हैं .....

श्री दीप चन्द भाटियाः चेयरमैन साहब, यह भूलते हैं मैंने तो पहले ही यह कहा कि फ्रन्टीयर के लोगों ने आकर वहां पर आबादी को बढाया है सबसे पहले वे लोग वहां पर आकर बसे हैं।

श्री सभापतिः भाटिया जी, अब आप वाइंड आप करिय, आपको बोलते हुए काफी टाईम हो गया है।

श्री दीप चन्द भाटियाः बस जी मैं थोडा सा ही बोल कर खत्म करता हूं सरकार ने जो सवा छः एकड पर मालिया माफ कर दिया है इसके लिए मैं अपनी सरकार को मुबारिकबाचद देता हूं मैं तो यह चाहता हूं कि यह सवा छः की बजाये 10 एकड पर मालिया माफ होना चाहिये जिससे कि हमारे गरीब भाई खु ा हो जाएं। इसके साथ साथ मैं एक और बात कहना चाहता हूं कि जो पैसेन्जर्ज के ऊपर ज्यादा टैक्स लगाया गया है वह भी नहीं होना चाहिये बल्कि मैं तो यहां तक कहना चाहता हूं कि जितने भी सरकार ने टैक्स लगाये हैं उन सब की पूर्ति अगर टैक्सों की चोरी रोकी जाए तो उन से भी हो सकती है और सरकार को फिर किसी प्रकार का टैक्स लगाने की आव यकता ही न पडे। इसलिये मेरी सरकार से रिक्वैसट है कि टैक्सों की चोरी को रोकने का खास बंदोबस्त किया जाना चाहिये।

श्री सभापतिः भाटिया साहब आप वाइंड अप करिये।

श्री दीप चन्द भाटियाः बस जी, एक दो बातें कह कर ही मैं समाप्त करता हूं। मैं अपनी सरकार को एक बात फरीदाबाद की ओर बताना चाहता हूं कि वहां पर एक फैक्टरी के अंदर गडबड के कारण हरनाम सिंह नामक व्यक्ति को मारा पीटा गया जिसके कारण उसकी मौत हो गई लेकिन अभी तक सरकार की तरफ से इस बात की इंक्वायरी नहीं की गई कि यह किस्सा कैसे हुआ और न ही उस आदमी के परिवार की ही सरकार की ओर से कोई मदद दी गईग है। अतः मेरा निवेदन है कि सरकार इन मामलों की तरफ भ खास तवज्जोह दे ताकि लोगों को यह एहसास हो जाए कि जनता राज्य सचमुच में जनता का राज्य है। इसलिये में निवेदन करूंगा कि इस तरफ भी ध्यान दिया जाये। चीफ मिनिस्टर साहब ने और चौधरी वीरेन्द्र सिंह जी ने भी एक दो बार यकीन दिलाया था लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ है। दूसरी मेरी प्रार्थना यह है कि फरीदाबाचद को जिला बनाया जाये। अगर इस बारे में आज ही हाउस में एलान कर दिया जाता है तो बहुत अच्छी बात है। क्योंकि फरीदाबाद एक इंडस्ट्रियल टाउन हैं इसलिये मैं चाहूंगा कि वहां पर एक इंजीनियरिग कालेज और मैडिकल कालेज अव य होना चाहिये। वहां पर बडी बडी फैक्टरियां हैं और लाखों की तादाद में वहां पर लोग रहते हैं। अगर वहां पर इंजीनियरिंग कालेज खोल दिया जाये तो हरियाणा को बहुत फायदा होगा। इसके अलावा जैसे मैंने पहले कहा कि फरीदाबाद को जिला हैड क्वार्टर भी बनाया जाये। यह दिल्ली के साथ लगता है और सरमायेदार लोग यह कोि ा ा कर रहे हैं

कि इसको दिल्ली में मिला दिया जाये। इसीलिये अगर फरीदाबाद को जिला बना दिया जाता है तो वह हरियाणा का पूरा अंग बन जाएगा और इसको दूसरी स्टेट में मिलाने की किसी की हिम्मत नहीं होगी। इसके बाद मैं बिजली बोर्ड के बारे में एक प्रार्थना करना चाहता हूं कि बिजली बोर्ड पर हमारा करोडों रुपया लगा हुआ है। हम इंजीनियर्ज को तनख्वाह देते हैं लेकिन अगर कोई चीज वहां पर खराब हो जाती है और उसकी रिपेयर करवानी होती है तो वह हमें बाहर से करवानी पडती है। एक चीज मैं और कहना चाहता हूं कि बिजली बोर्ड का जो हैड है यानी चेयरमैन साहब, है वह टैक्नीकल आदमी होना चाहिये। क्योंकि बिजली बोर्ड में टैक्नीकल काम होता है इसको न तो मिनिस्टर साहब समझ सकता है और ही आई0ए0एस0 अफसर समझ सकता है। इसलिये अगर बिजली बोर्ड का चेयरमैन साहब, टैक्नीकल आदमी होगा तो जो हमारा करोडों रुपया बर्बाद हो रहा है जिसको हमारे किसान भाईयों पर और आम लोगों पर बोझा पडता है वह बच सकेगा। इन भाब्दों के साथ में आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया। मैं चौधरी देवी लाल जी का भी धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने स्टेट की भलाई के लिये बहुत अच्छे कदम उठाये हैं।

सहकारिता तथा दुग्ध विकास मंत्री (चौधरी भजन लालः) माननीय सभापति महोदय जी .....

चौधरी बीरेन्द्र सिंहः चेयरमैन साहब, जब मैंबर साहेबान को बोलने का पूरा मौका नहीं मिला है तो मंत्री जी किस चीज का जवाब दे रहे हैं। मैं चाहता हूं कि अपोजी ान बैंचिज से कम से कम एक आदमी को और बोलने का मौका दिया जाये।

श्री सभापतिः बिजनैस एडवाइजरी कमेटी में जो फैसला हुआ था उसके हिसाब से मैं टाईम दे रहा हूं।

श्री भाम ोर सिंहः चेयरमैन साहब, बिजनैस एडवाइजरी कमेटी के फैसले अनुसार मैंने तीन आदमियों के नाम दिये थे लेकिन अब तक सिर्फ एक आदमी बोला है।

श्री सभापतिः कल को और डिमांडज आएंगी, उन पर बोल लेना।

बैठक का समय बढाना

चौधरी बीरेन्द्र सिंहः चेयरमैन साहब, जो डिमांडज आज आई है वह कल को नहीं आएगी। ये महत्वपूर्ण डिमांडज हैं और मैंबर साहेबान बोलना चाहते हैं इसलिस आप हाउस का समय बढा दें और मैंबर साहिबान को बोलने का मौका दें।

आवाजें: चेयरमैन साहब, जब मैंबर बोलना चाहते हैं तो आप समय बढा दें।

मुख्य मंत्री (चौधरी देवी लाल): चेयरमैन साहब, हाउस का टाईम अगर एक घंटा बढा दिया जाये तो कोई हर्ज नहीं है।

श्री सभापतिः हाउस का समए एक घंटे के लिये बढाया जाता है।

वर्श 1979–80 के बजट के अनुदानों की मांगों पर चर्चा तथा मतदान (पुनरारम्भ)

श्री मांगे राम गुप्ता (जींद): चेयरमैन साहब, मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया। सबसे पहले मैं डिमांड नं0 3 पर अपने विचार रखना चाहता हूं। डिमांड नं0 3 में 15 करोड 76 लाख रुपये की मांग की गई है। चेयरमैन साहब, इंसान को जिंदगी बसर करने के लिये जैसे रोटी, कपडे और मकान की जरूरत होती है उसी तरह से इंसान को अपनी जिंदगी की सुरक्षा की भी जरूरत होती है। अगर यह डिमांड 15 करोड की बजाये 30 करोड की भी होती तब भी मुझे कोई ि ाकवा नहीं ब ार्ते कि लोगों की जिंदगी की सुरक्षा हो। अभी ला एंड आर्डर के बारे में यहां पर बात चल रही थी। एक भाई ने यह बात कही कि भिवानी बैंक में डाका पडा था और मुलजिम गिरफ्तार कर लिये गये हैं। इसलिये सरकार बधाई की पात्र है। मैं बताता हूं कि हमारे जींद जिले में 6 डाके पडें हैं। वे डाके इतने खतरनाक थे कि लोगों को बर्बाद कर दिया गया है। इन 6 में से

एक भी डाका आज तक ट्रेस नहीं हुआ है। अभी 22 तारीख को मेरे हलके के गांव बोंदवाल में रात को 12 बजे डाका पडा। जिनके घर डाका पडा उनके लिये यह खु ाकिस्मती समझें कि पिछले दिनों उनके लडके को हमने लाइसैंस की बंदूक दिला दी थी। जब उनके ऊपर हमला हो रहा था तो उस लडके ने हिम्मत की और उसने ऊपर चढ कर गोली चला दी और वे डाकू भाग गये। जिन हथियारों से उनके किवाड तोडे जा रहे थे वे मौके पर बरामद कर लिये गये थे लेकिन अभी तक उस मामले की कोई इंक्वायरी नहीं हुई है। इसी तरह से जींद से 16 किलोमीटर दूर एक जटाना गांव है। वहां पर एस0एच0ओ0 मानता है कि वह रात को ग त करके निकला था और उसने तीन सिपाही भी ग त के लिये छोड रखे थे लेकिन रात को 11 बजे कुछ आदमी आये और एक घर में हमला कर दिया। वे घर का सारा सामान ले गये और घर के बच्चों को लडके और लडकियों तथा बहू बेटियों को बुरी तरह से पीटा गया। वे सब अब तक भी हस्तपाल में दाखिल हैं। एक औरत जिसके पास पिछले 15 सालों से कोई बच्चा नहीं था उसके पास अभी 12 दिन का लडका गोद में था। घर में लोग लडके की खु ियां मना रहे थे कि उन बदमा ाों ने हमला कर दिया। उन्होंने 12 दिन के लडके को छीन लिया और यह कहा कि अगर घर का सारा सामान नहीं दोगे तो इस लडके को मार दिया जाएगा। इस प्रकार वे घर का सारा जेवर और सामान ले गये। इसी तरह से 23 तारीख की बात हैं मैं जो बात बता रहा हूं । यह सब से दर्दनाक बात है और मैं इसे बिल्कुल सही बता रहा हूं जो

हमारे ऊपर एक कलंक है। मेरे जिला में गांव खेडी के अंदर एक डाका पडा वह डाका भी महाजन के घर पडा। डाकुओं की इतनी हिम्मत थी कि उनकी तरफ से यह कहा गया कि कोई भी जाट भाई मौके पर न आये, नजदीक न आये ..... (ाोर)

चौधरी गंगा रामः यह बडी भार्मनाक बात है जो कुछ भी गुप्ता जी ने कहा है वह गलत है इसको एक्सपंज किया जाये इसमें जाटों को नाम नहीं लिया जाना चाहिए किसी वि ोश का नाम नहीं आना चाहिएं।

श्री सभापतिः गुप्ता जी आप एक रिस्पौंसिबल मैंबर हैं आपको कम्यूनल फासिजम की बातें नहीं कहनी चाहिएं।

सिंचाई तथा बिजली मंत्री (श्री वीरेन्द्र सिह): यह बात जो आनरेबल मैम्बर साहब कह रहे हैं, किठाना की वारदात के बारे में मुझे इसकी इत्तलाह मिली थी। मैंने डी0एस0पी0 को फोन किया था। उसने बताया कि मुद्दई ने यह बताया है 4–5 सिक्ख लोग थे जिन्होंने डाका डाला है। आप को इस तरह नहीं कहना चाहिए था।

लोक निर्माण मंत्री (श्री लछमन सिंह): वे सिक्ख नहीं थे सिक्ख के वे ा में थे पंजाबी में बोले थे।

श्री मांगे राम गुप्ताः मैं यह बात कहना चाहता हूं कि इस इलाके में 5–6 डाके डले लेकिन एक भी ट्रेस आउट नहीं हुआ। इस तरह की दह ात फैली हुई है। चेयरमैन साहब, मैं यह

कह रहा हूं कि महाजनों को कोई रियायत नहीं है। डी0एस0पी0 वगैरह वहां पर कोई नहीं पहुंचा आपको डाकुओं को पकडना चाहिए और उन्हें मारना चाहिए। डाकू भाग गयें कोई भी डाका ट्रेस नहीं हुआ। चेयरमैन साहब, यह बुराई है दूार होनी चाहिये यह गलत नहीं है कि खेडी और जाटुआना में जाटों ने ही डाके डाले हैं। मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि जाटों ने ही ये किये हैं ये सारे लोग नाजायज फायदा उठाते हैं जैसे हमारे इलाकै में जाटों के गांव हैं वे हमारे खिलाफ प्रौपेगंडा करते हैं हमें बदनाम करते हैं। अगरी किसी गांव में किसी गरीब ने पैसा कमा रखा है तो उसके हक को छीनना नहीं चाहिए। मैं यह कहूंगा कि अगर किसी ने नाजायज पैसा कमाया है तो उसको जब्त किया जाये और देहात और भाहर में रहने वाले एक ही जाति के लोगौं पर डाके पडने पर एक भी ट्रेस आउट न हो और हमें कहा जाये कि सरकार को मुबारकबाद दो यह कैसे किया जा सकता है ?

श्री सभापतिः आप रैपीटि ान कर रहे हैं कृपया वाइंड अप करें।

श्री मांगे राम गुप्ताः मैं सरकार से दरखास्त करूंगा कि इसके बारे में कोई भी अफसर कोताही न करे और ज्यादा से ज्यादा कोि ा ा करके ज्यादा से ज्यादा केसिज ट्रेस आउट करे। डिमांड नं0 2 में जो सरकार ने कदम उठाया है उसके लिए भाुक्रिया अदा करता हूं अगर उस पर अमल किया जाये। जो नाजायज काम हो, उसकी हम मुखालफत करते हैं और जो अच्छी

बात है उसके लिए तहे दिल से भाुक्रिया अदा करते हैं। जो दह ात फैली हुई है और जिसके बारे में हमारे साथी कह रहे थे मैं उसको स्पश्ट करता हूं कि 5–6 डाके पडे और एक ही जाति के लोगों पर पडे। यह दुखदाई है। इसलिये मैं यह कहे बगैर नहीं रह सकता क्योंकि मेरा भी जन्म इसी जाति में हुआ है। यह जाति के नाम पर कलंक है अगर किसी ने नाजायज पैसा कमाया है तो उसको पकडा जाये और .....। इतना ही कहकर मैं अपना स्थान लेता हूं।

श्री वीरेन्द्र सिहः यह एक्सपंज होना चाहिए। ऐसा कहना ठीक नहीं हैं

श्री लछमन सिंहः यह तो ..... वाली बात करके आप लोगौं को भडका रहे हैं। यह तो भडकाने वाली बात है।

श्री सभापतिः यह एक्सपंज किया जाए।

डा0 बृज मोहन गुप्ता (जगाधरी): मैं आपको ध्यान डिमांड नं0 23 पर दिलाना चाहता हूं। हरियाणा के अंदर ट्रांसपोर्ट का कोई अच्छा इंतजाम नहीं है। पिछले साल बाढ से अम्बाला सहारनपुर रोड जो टूटी हुई है, अम्बाला जगाधरी, जगाधारी सहारनपुर रोड का अभी तक अच्छा प्रबंध नहीं हुआ है। यह रूट खराब होने के कारण रेल भी अभी तक अच्छी तरह से चल नहीं पाती है इसलिये बसों में ज्यादा सवारियां होती हैं ज्यादा सवारियां एडजस्ट करने से बसों की हालत भी खराब है। हरियाणा में रेल

लाईन ठीक नहीं है। अम्बाला सहारनपुर रूट वाया जगाधारी जो है उस पर मेरी चीफ पार्लियामैंटरी सैक्रेटरी साहब से प्रार्थना है कि और बसिज चलाई जायें। अम्बाला में भााम को 8 बजे के बाद कोई ट्रेन नहीं है बस नहीं है। अम्बाला जगाधरी 11 बजे ट्रेन चलती हैं। इस रूट पर इस टाईम में एक आध बस चलाई जाये ताकि अम्बाला से चलने वालों को परे ाान न हो। चण्डीगढ़ से 6 बजे जाने वाली लोगों को वहां काफी परे ाानी उठानी पडती है। ट्रांसपोर्ट की बस सर्विस अच्छी होनी चाहिए ताकि आने जाने वालों को परे ाान न हो। हरियाणा की बसों के बारे में एक बात और कहना चाहता हूं। मैं बस नं0 एच0आर0डी0 7254 में अम्बाला से चण्डीगढ़ आने के लिए खडा था वह हरियाणा रोडवेज करनाल की बस थी उस पर लिखा था कुरप ान जिसके बारे में लोग बातें कर रहे थे मेरे ख्याल से डिले ब्रीडज कुरप ान लिखा होगा डिले ब्रीडज की जगह की चादर तो भाायद फट गई थी और कुरप ान रह गया था। इससे लोग चर्चा कर रहे थे कि इसमें कुरप ान लिखा हुआ है। हो सकता है इसमें चार टिकट के पैसे लेते हों और देते हों एक टिकट। उन्होंने मेरे से पूछा तो मैंने कहा कि मुझे तो पता नहीं। बस स्टैंड पर यह जिक्र कर रहे थे तो मैंने कहा कि मुझे तो पता नहीं है। चेयरमैन साहब, मैं यह बात चीफ पार्लियामैंटरी सैक्रेटरी साहब के नोटिस में लाना चाहता हूं कि इस किस्म के भाब्द अगर कहीं गलती से कहीं रह गए हैं तो उनको जल्दी से जल्दी देख करके ठीक कर लिया जाए क्योंकि ऐसे भाब्दों से जनता में कुछ और किस्म के विचार भाुरू हो जाते हैं

और हम लोगों में भी भ्रुरू हो जाते हैं। इसके बाद में डिमांड नं0 12 के बारे में कहना चाहता हें। एम्पलायमैंट और लेबर के बारे में यह बात सभी मानते हैं कि आजकल हरियाणा में ही नहीं बल्कि सारे दे ा में अन एम्पलायमैंट बढ रही है। अनपढ भी और पढे लिखे भी बहुत ज्यादा बेकार हैं और मुझे यह भार्म के साथ कहना पडता है कि अभी कल परसों मेरे पास कुछ लडके आए जिनमें एम0ए0 और एम0एड0 भी थे। वह मुझे नौकरी के लिये कह रहे थे। चेयरमैन साहब, एम0ए0 फर्स्ट क्लास एक चपडासी की नौकरी के लिए धक्के खाते फिर रहे हैं। इस किस्म की बेरोजगारी सारे दे ा के अंदर और हमारे हरियाणा के अंदर है। इसलिए हमारी सरकार मेरे विचार में बेरोजगारी के बारे में दो तीन बातें ध्यान में रखे तो कुछ न कुछ हमारे हरियाणा का सुधार हो सकता है और वह यह है कि किसी भी जगह गवर्नमैंट सर्विस में अगर किसी को नौकरी के लिए लिया जाता है तो वह आन मैरिट पर लिया जाना चाहिए। इससे क्या फायदा होगा ? इससे फायदा होगा जो कि एम0ए0 फर्स्ट क्लास लडके हैं वह नौकरी में आ जाएंगे और वह अच्छा काम करेंगे और दूसरी बात जो रात दिन को एम0एल0एज0 और मिनिस्टरज्र के पीछे सिफारि ा वाले घूमते फिरते हैं और हम लोगों को दुखी करते हैं वह दुख भी दूर होगा। दूसरी बात यह है कि सिफारि ा न होने से जो इंटैलीजैंट लडके हैं, वह सर्विस के बिना रह जाते हैं वह सर्विस में नहीं आ सकते और उनकी जगह सिफारि ा वाले आ जाते हैं अगर सिफारि ा वाले आएंगे तो वह काम क्या करेंगे वह तो ठीक से अपना नाम भी इंगलि ा

में नहीं लिख सकते हैं। इसलिए मेरे विचार में भर्ती करते वक्त लडके की काबलियत को देखा जाना चाहिए और भर्ती आन मैरिट होनी चाहिए। एम्पलायमैंट में सब क्लासों की रिजर्वे ान हैं जैसे ि ाडयूल्ड कास्टस, ि ज्ञडयूल्ड ट्राइब्स, बैकवर्ड क्लासिज और एक्स सर्विस मैन इनकी सब की रिजर्वे ान है। इस लिहाज से अगर हम मैरिट बनाएंगे तो आप देखेंगे कि कुछ ही सालों में जो टौप क्लास लडके हैं वह अपनी जगह पर आ जाएंगबे। इससे एडमिनिस्ट्रे ान का काम भी ठीक चलेगा आऐर जो घपलेबाजी है वह भी खत्म हो जाएगी। एम0एल0एज0 के पीछे और मिनिस्टरर्ज साहब के पीछे जो रोजाचना 200–250 लडके रहते हैं और कहते हैं कि मेरी सिफारि ा कर दें वह भी खत्म हो जाएगा। अब मैं एक बात लेकर डिपार्टमैंट के बारे में कहना चाहता हूं कि ई0एस0आई0 की स्कीम लेबर डिपार्टमैंट की है। उस स्कीम के अंदर मजदूर एम्पलाइज की परमो ान के लिए पूरी तरह से सरी कवर की गई है। उसमे कुछ हिस्सा हरियाणा सरकार दे रही है और ज्यादातर सैंट्रल गवर्नमैंट दे रही है। वह स्कीम सैंट्रल गवर्नमैंट की है। उसके अंदर मैं सिर्फ एक ही निवेदन करना चाहता हूं। मैं भी उसके अंदर 13 साल काम कर चूका हूं और मुझे पता है कि उसके अंदर मजदूरों के साथ खिलवाड किया जाता है उस स्कीम में सारा खिलवाड है। पानीपत, फरीदाबादी और जगाधरी में भी हास्पिटल बहुत अच्छे हैं। लेकिन उनमें दवाईया नहीं हैं जिसके कारण बेचार गरीब आदमियों को दवाईयां बाजार से लेनी पडती हैं। तो मैं इस तरफ सरकार का ध्यान

दिलाना चाहता हूं कि जो मजदूरों को मखौल उडाया जाता है उस सारी स्कीम को फैमिली प्लानिंग में बदलें। उन मजदूरों का ख्याल रखते हुए इस ए0एस0आई0 स्कीम को ठीक तरीके से चलाया जाए। जो बडे बडे हास्पिटल हैं, वह सफेद हाथी की तरह हैं वहां पर किसी को दवाईयां नहीं मिलती हैं जबकि वहां पर सब कुछ मिलने का प्रावधान है। इस तरह से मजदूरों का मखौल न उडाएं और उनके साथ खिलवाड न करें। चेयरमैन साहब, अब मैं डिमांड नं0 17 जो कि एजुके ान के बारे में है इसके ऊपर कुछ कहना चाहूंगा। इसके बारे में तो मैं कहूंगा कि हमारी हरियाणा सरकार ने एक या डेढ साल के अंदर एजुके ान के अंदर बहुत सुधार किया है। पिछले ही साल 10 स्कूलों को अपग्रेड किया गया और अब की बार 80 स्कूलों को अपग्रेड करने जा रही है और मेरे ख्याल में इनका आर्डर भी आ चुका है। यह बहुत अच्छी बात है। इतने स्कूल कभी पिछले 27 सालों में भी अपग्रेड नहीं हुए। कम से कम इस सरकार ने 200 या 250 स्कूल अपग्रेड किए हैं। मैं मुख्य मंत्री जी से अर्ज करूंगा कि प्राईवेट स्कूलों के अध्यापकों ने एक बार जनवरी में एक मांग की थी कि हमें तनख्वाह ट्रेजरी से मिलनी चाहिए क्योंकि प्राईवेट स्कूलों में अध्यापकों को तनख्वाह तो और ही दी जाती है और उनके हस्ताक्षर किसी दूसरी तनख्वाह पर करवा लिए जाते हैं। उनको वह तनख्वाह नहीं मिलती जिस पर उनके हस्ताक्षर होते हैं। इसलिए मेरी मुख्यमंत्री जी से प्रार्थना है कि उन अध्यापकों को ट्रेजरी से तनख्वाह देने की बात मान लें।

इसके बाद मैं डिमांड नं0 3 के बारे में कहना चाहता हूं जो कि मेरा मेन सब्जैक्ट है। इसके बारे में एक बात मैं होम मिनिस्टर साहब से कहना चाहता हूं कि कि हमारी जगाधरी के अंदर बहुत मोटर साईकिल और स्कूटर चोरी हुए थे और उनका कुछ पता नहीं लग सका था। अभी 5–6 दिन हुए अम्बाला के अंदर उनमें से 2 पकडे गए हैं भाायद और भी पकडै जाएं लेकिन मुझे बडे अफसोस के साथ कहना पडता है कि वह मोटर साईकिल उसी नम्बर से अम्बाला कैंट और अम्बाला सिटी में घूमते रहे और पुलिस उन्हें नहीं पकड सकी लेकिन एक मैकेनिक ने उन्हें पकड लिया। होम के बारे में ही मैं एक बात और कहना चाहता हूं यह ठीक है कि होम डिपार्टमैंट वाले अपनी डयूटी 24 घंटे देते हैं। अभी एक जगाधरी की ही बात है। वहां पर सटटे वालों का एक जलूस निकाला गया जिससे जो दो तीन सटटे चलते थे वह बंद हो गए थे लेकिन अब फिर जगाधारी के अंदर दोबारा सटटा बडे जोरों से चल रहा है। यह पता नहीं वह सटटा एक बार बंद हाने के बाद फिर दोबारा कैसे चालू हो गया। मैं होम मिनिस्टर साहब से अर्ज करूंगा कि वहां पर सटे वाले बहुत ज्यादा तादाद में हो गए हैं और सटा एक बार बंद हो करके दोबारा फिर से चाले हो गया है वह इसकी तरफ ध्यान दें। इन भाब्दों के साथ में आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया।

चौधरी गया लाल (हसनपुर, अनुसूचित जाति): चेयरमैन साहब, मैं मांग नम्बर 2 पर बोलना चाहता हूं। सामान्य प्र ाासन

पर काफी चर्चा हो चुकी हैं हमारे मुख्यमंत्री महोदय ने जो कम खर्च करने का कदम उठाया हैं वह बहुत ही सराहनीय है। मैं इसके लिए मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद करता हूं। इस चर्चा पर काफी एम0एल0एज0 साहेबान ने अपने अपने विचार व्यक्त किए हैं। यह ठीक है कि खर्चा कम होगा। बडी कोठी पर चार चार हजार रुपया खर्च होता है, लेकिन छोटी कोठी पर कम खर्च होगा, छोटी कार पर भी कम खर्च होगा। लेकिन अगर मुख्यमंत्री महोदय फ्लैट में आ जाएं तो सुरक्षा मु कल होगी क्योंकि फ्लैट में सुरक्षा के प्रबंध नहीं हो सकेंगे। मुख्यमंत्री का स्टाफ बहुत ज्यादा होता है। यह ठीक है कि बडी कोठी की बजाये छोटी कोठी लें लें तो ठीक रहेगा। इसके साथ ही साथ टेलीफोनी पर भी पाबंदी लगाई है। इससे खर्च में अव य कमी होगी। जनता सरकार का यह सराहनीय कदम है।

अब मैं डिमांड न0 2 पर अपने विचार रखना चाहता हूं। हमारे दे ा का संविधान समाजवाद पर आधारित है। संविधान में यह लिखा हुआ है कि दे ा के नागरिकों को एक समान स्तरव पर लायेंग और सब को बराबर लाने के लिए ही रिजर्वे ान रखी गई थी। चेयरमैन साहब, ि ाडयूल्ड कास्टस वैल्फेयर कमेटी के माध्यम से मैंने पता किया है। ि ाडयूल्ड कास्टस की रिजवे ान इस प्रकार कभी पूरी नहीं हो सकती है। तीन चार महकमों का हमने ओरल एग्जामिने ान किया है जैसे सिंचाई विभाग, एक्साईज एंड टैक्से ान, जरायत विभाग। पिछले 32 सालों से 20 परसैंट

रिजर्वे ान चल रही है जो ि ाडयूल्ड कास्टस के लिए रखी गई है। इसके तहम कितने आदमी लिए गए हैं यह मैं आपको बताना चाहता हूं। सिंचाई विभाग में ि ाडयूल्ड कास्टस क्लास ए में कोई नहीं, क्लास बी में 3 परसैंट, क्लस सी में 9 परसैंट और चौथी क्लास में बाल्मीकी भाई आते हैं जो गंदगी उठाते हैं। इसकी वजह से इस क्लास में रिजर्वे ान पूरी है। इसी तरह एक्साईज एंड टैक्से ान डिपार्टमैंट में ए क्लास में 12 परसैंट, क्लास बी में 12.5 परसैंट और क्लास सी में 14.3 परसैंट जरायत विभाग में क्लाए ए में 6 परसैंट, क्लास बी में 12 परसैंट और क्लस सी में 14.3 परसैंट रिजर्वे ान है।

श्री सभापतिः आप कौन सी डिमांड पर बोल रहे हैं ?

चौधरी गया लालः मैं सामान्य प्र ाासन पर बोल रहा हूं। चेयरमैन साहब, सरकार कानूनी बनाती है। स्टेट का मुख्य सचिव उसकी इम्पलीमैंटे ान करताा है परन्तु ऐसा नहीं होता।

श्री सभापतिः जो फिगर आप बोल रहे हैं यह कहां से ली हैं ?

चौधरी गया लालः ि ाडयूल्ड कास्टस कमेटी हर डिपार्टमैंट को एग्जामिन करती है उसकी फिगर मेरे पास हैं उसके मुताबिक बोल रहा हूं।

श्री सभापतिः ि ाडयूल्ड कास्टस वैल्फेयर कमेटी की रिपोर्ट आ गई है ?

चौधरी गया लालः मैं तो सामान्य प्र ाासन पर बोल रहा हूं। इसमें यह बात भी आती है।

श्री सभापतिः फिर आप यह फिगर्ज कोट न करें

चौधरी गया लालः चेयरमैन साहब, पिछले 30 सालों से हरिजनों और गरीबों की हिमायती कांग्रेस सरकार इस दे ा में विराजमान रही है। कांग्रेस 30 वर्श तक भाासन करती रही और यही गरीब जनता इनको सत्ता में लाती रहीं हरिजनों के मतों के ऊपर राज करते रहे, लेकिन 30 वर्श से रिजर्वे ान की कमी को पूरा नहीं कर सकी। 20 परसैंट में से दो तीन परसैंट ही लिए गए हैं और उछल उछल कर बातें करते हैं .....

चौधरी जगजीत सिंह पोहलूः आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। चौधरी गया लाल जी ने क्या कोई पार्टी छोड़ी है जो न बदली हो ? (व्यवधान)

चौधरी गया लालः मैंने कोई पार्टी नहीं बदली कांग्रेस के मुकाबले में तीन बार लडा हूं ये कांग्रेस (आई) के सदस्य हैं, चूंकि बात हरिजनों की चल रही हैं, इसलिए उनकी तबीयत नहीं मानती, हरिजनों की बात करना ये ठीक नहीं मानते। चेयरमैन साहब, जहां तक ि ाडयूल्ड कास्टस की कुल टोटल का ताल्लुक है (ए) क्लास में 3.5 परसैंट, (बी) क्लास में 3.2 परसैंट (सी) क्लास में 8.9 परसैंट रिजेर्वे ान हुई हैं सरकार जो कानून बनाती है उसके इम्पलीमैंट करने का काम मुख्य सचिव का होता है। अभी

अभी मुख्य मंत्री जी ने एक बह ुत बडा कदम उठाया है। पहले जब रिक्रूटमैंट होती थी तो हरिजन नहीं लिये जोत थे लेकिन अब मुख्य मंत्री महोदय ने यह कर दिया है कि हर पांचवां आदमी हरिजन रिक्रूट किया जाएगा, मैं मुख्य मंत्री साहब को इसके लिए बधाई देता हूं।

श्री सभापतिः आपका टाईम हो गया है।

चौधरी गया लालः आप दो मिनअ सुन लीजिए। अब मैं डिमांड नं0 3 पर बोलना चाहता हूं। पुलिस दे ा की अनु ाासन व्यवस्था सुधारने के लिए होती है लेकिन चारों तरफ से यही ि ाकायत आ रही है कि पुलिए की व्यवस्था ठीक नहीं है। यह ठीक बात थी लेकिन पिछले साल की निस्बत इस साल काफी हालत सम्भल गई है। जब हरियाणा बना था तो आबादी 60 लाख थी और आज लगभग सवा करोड की आबादी है। सरकार ने पुलिस डिपार्टमैंट में बडे बडे अफसर, आई0जी0, डी0आई0जी0 वगैरा बहुत बडी तादाद में बना दिये हैं, लेकिन सिवाही, जो दिन रात रक्षा करते हैं। डाकुओं और चोरों से मुकाबला करते हैं, उनकी संख्या नहीं बढाई गई। दुगनी आबादमी होने के बावजूद भी थाने के स्टाफ की कमी हो रही है। मैं चाहूंगा कि इस तरफ सरकार ध्यान दे। स्टाफ की कमी होने की वजह से कुछ खराबियां हैं अगर इसे बढांएगे तो वे दूर हो जाएंगी अनु ाासन ठीक हो जाएगा अगर थानों में पूरा स्टाफ रखा जाए।

अब थोडा सा डिमांड नं0 16 के बारे में कहूंगा। सरकार ने उद्योगों के बारे में बहुत सराहनीय कदम उठाये हैं, बेरोजगारी को दूार करने की दि ाा में एक बहुत बड़ा कदम है। बेरोजगारों को रोजगारी देने के लिए बहुत अच्छा कदम हैं काफी पैसा हाथ के काम करने वालों को दिया है, कुछ छोटे उद्योग धन्धों को दिया है, लेकिन इसकी इम्पलीमैंटे ान में रूकावट आ रही हैं मुझे जो रिपोर्ट मिली है, मैं सरकार का ध्यान इस तरफ दिलाना चाहता हूं। पिछले साल बवानी खेडा में एक यूनिट हैंडलूम का लगाया गया था जिसके लिए 54 हजार रुपया मंजूर हुआ था। अब तक उस यूनिअ को 20 हजार रुपया मिला है, बाकी रुपया नहीं दिया गया, बैंक वाले उसको सहयोग नहीं दे रहे हैं। पैसा न मिलने के कारण निरा ा होकर उन्होंने हैंडलूम का काम छोड दिया। इसी तरह मीतरौल में खडडी का उद्योग लगाया था जिसके लिए 71 हजार रुपया मंजूर हुआ था लेकिन अब तक 15 हजार ही बैंक ने दिया है, बाकी नहीं दे रहे हैं और इसी वजह से वे काम छोड रहे हैं। इसी तरह पलवल के पास एक गांव है वघौला। यहां नट वोल्ट के छोटे उद्योग के लिए 20 हजार रुपया मंजूर हुआ था लेकिन अभी तक 10 हजार मिला है, बाकी नहीं मिला। इसी तरह मगौला में एक प्रैस था, उसके लिए 59 हजार रुपया मंजूर हुआ था लेकिन 22 हजार रुपया मिला। इस तरह से बैंक कहीं भी लोगों का काम खराब हो जाता है और वे निरा ा होकर चुपचाप घर में बैठ जाते हैं। अगर सरकार गांव में कारखाने लगाना चाहती है तो इसे सबसे पहले पैसे का प्रबंध

करना होगा और इस बात का ध्यान रखना होगा कि किसी फैक्टरी को धन प्राप्त करने में कोई रूकावट तो नहीं आ रही हैं उद्योग विभाग के अधिकारियों को भी इस तरह की हिदायत दी जाएं। चेयरमैन साहब, इस बारे में मेरा एक सुझाव यह है कि औद्योगिक कारखाने कामयाब तब होंगे जब उनमें काम करने वाले लडके ट्रेंड होंगे। अन ट्रैंड लडके अगर किसी नए उद्योग को खोलेंगे तो वे उसमें कामयाब नहीं हो सकते। पहली बार ही उन्हें नुकसान उठाना पडेगा तो वे फैक्टरी को छोड देंगे।

श्री सभापतिः गया लाल जी, अब आप वाइन्ड अप कीजिए।

चौधरी गया लालः चेयरमैन साहब, थोडा सा मैं ि ाक्षा के सम्बंध में कहना चाहूंगा। प्रौढ़ ि ाक्षा आरम्भ करना एक बहुत अच्छा कदम है। (विघ्न) प्रौढ़ ि ाक्षा काफी देर से चल रही है लैकिन अफसोस की बात है कि पिछली सरकार ने इसकी तरफ, ठीक तरह से ध्यान नहीं दिया। इस बार कुछ ध्यान दिया गया है। पहले यह होता था कि जब कभी निरीक्षण करने कोई अधिकारी जाता था तो रात को लालटेन के इर्द गिर्द गांव के कुछ बूढ़े आदि बैठा कर दिखा दिए जाते थे और वास्तव में इस तरफ बहुत कम ध्यान दिया जाता था लेकिन अब ऐसा नहीं होना चाहिए। रिटायर्ड मास्टर अगर इस काम के लिए लगाए जाएं तो यह प्रौढ ि ाक्षा कार्यक्रम कामयाब हो सकता है। इसके अलावा चेयरमैन साहब, मेरा यह निवदेन है कि गांव में गर्ल्ज स्कूल बहुत कम हैं।

इसके सम्बंध में मैंने एक सवाल पहले भी हाउस के सामने रखा था। मेरी सरकार से प्रार्थना है कि गांव में गर्ल्ज हाई स्कूल बढांए जाएं।

श्री सभापतिः अब आप बैठिए, आपने बहुत टाईम ले लिया है।

चौधरी गया लालः सभापति महोदय, गर्ल्ज हाई स्कूल तभी कामयाब होंगे जब वहां साथ साथ छात्रावास भी बनाए जाएंगे। इसलिए मेरी सरकार से यह प्रार्थना है कि स्कूलों के साथ साथ छात्रावा भी बनाए जाएं। धन्यवाद।

चौधरी गंगा राम(गोहाना): चेयरमैन साहब, सबसे पहले तो मैं एजुके ान की डिमांड नं0 9 पर बोलना चाहता हूं क्योंकि आज ही यहां बात चल रही थी कि सर्विस के मामले में मैरिट लिस्ट बननी चाहिए। मैं ऐग्री करता हूं कि मैरिट लिस्ट बननी चाहिए लेकिन देखने की बात यह है कि हमारे देहातों के अंदर स्कूलों में पढने लिखने के लिए कोई किताब नहीं होती बैठने के लिए स्टूल नहीं होते, मास्टर नहीं होते, स्याही नहीं होती, दवात नहीं होती, पहनने के लिए कपड़े नहीं होते और खाने के लिए रोटी नहीं होती। अगर इन देहातों में पढने वाले बच्चों का कंपिटि ान आप रोहतक, करनाल, कलकत्ता, बम्बई और दिल्ली आदि के अंग्रेजी स्कूलों में पढने वाले बच्चों के साथ कराएंगे तो मैं दावे के साथ कहता हूं कि जो 80 फीसदी देहाती हैं, उनको

कोई नौकरी नहीं मिलेगी। मैं मैरिट लिस्ट को मानता हूं लेकिन मैरिट लिस्ट जो 80 फीसदी देहाती हैं, उनकी अलग होनी चाहिए और जो आली ाान भाहरों के बच्चे हैं, उनकी अलग होनी चाहिए। चेयरमैन साहब, मैंने हाउस के सामने इस बारे में एक सवाल भी रखा था। देहातों के अन्दर फल्ड आया और उस फल्ड की वजह से बड़ा नुक्सान हुआ। मेरे हलके गोहाना में दो गांव हैं रिठाल और बीदल। लाखों रुपये की बिल्डिंग्ज उन लोगों ने अपने खून पसीने की कमाई से बनाई थीं लेकिन फल्ड के टाईम में वे बिल्कुल नश्ट हो गए। एक कमरा भी नहीं बचा जिसमें बच्चे बैठ सकें। पिछले एक साल से कोई पढाई नहीं हो रही है। 8वीं तक के वे स्कूल हैं। अब सरकार अगर यह कहे कि देहात वाले दुबारा उन बिल्डिंगों को बनाएं तो यह नामुमकिन सी बात हैं वे बेचारे 16 साल से फल्ड से मर रहे हैं इसलिए मैं अपनी सरकार से सिफारि ा करूंगा कि फल्ड के कारण जो बिल्डिंग्ज बिल्कुल नश्ट हो गई हैं, उन बिल्डिंगों पर चाहे लाखों रुपया लगे सरकार के रुपये से वे बननी चाहिए क्योंकि गांव वालों ने एक दफा वे बना दी थी।

इसके अलावा मैं कहना चाहूंगा कि हमारी सरकार की यह पालिसी बहुत बढिया है जो यह देहातों के अन्दर स्माल स्केल इंडस्ट्रीज लगा रही है। बहुत लडके आगे आ रहे हैं। उनको रोजगार भी मिल रहा है लेकिन एक बात मैं अव य कहना चाहूंगा क्योंकि इंडस्ट्रीज मिनिस्टर साहब यहां बैठे हुए हैं। बहुत बडी

फैक्टरीज जिसमें कई हजार लडकों को रोजगार मिलता है वह या तो कोआप्रेटिव सैक्टर में लगती हैं या पब्लिक सैक्टर में लगती हैं। गोहाना सारे हरियाणा के अंदर सबसे ज्यादा नवार पैदा करता है। वहां सूत का एक बहुत बडा कारखाना भी है। इसलिए मैं समझता हूं कि अगर मेरी सरकार सैंटर को ऐप्रोच करे तो गोहाना के अंदर एक टैंट फैक्टरी लग सकती हैं चेयरमैन साहब, गोहाना के लोग फल्ड की वजह से बडे परे ाान हैं उनके पास कोई रोजगार के साधन नहीं है क्योंकि सरकार की वहां किसी किस्म की कोई दस्तकारी नहीं हैं तो मैं अपनी सरकार से और अपनु मुख्य मंत्री जी से यह प्रार्थना करूंगा कि गोहाना वाले आपकी जन्म भर पूजा करेंगे अगर आपने वहां पर इस तरह का कोई कारखाना लगा दिया जिसमें दो चार हजार लडकों को रोजगार मिल जाए।

चेयरमैन साहब, चूंकि हमारे होम मिनिस्टर साहब यहां बैठे हुए हैं इसलिए एक बात मैं इनकसे भी अर्ज कर देना चाहता हूं आज ठीक है ला एंड आर्डर काफी हद तक कन्ट्रोल में है लेकिन कई अफसर आज भी ऐसे हैं जो जान बूझ कर हेरा फेरी करते हैं हो सकता है कि महकमे को बदनाम करने के लिए ऐसा किया जाता हो। इस सम्बन्ध में एक बात मैं आपको बताना चाहता हूं। मेरे हलके में एक कासंढा गांव हैं वहां दो परिवारों के अंदर फ्री फाईट हुई। जैलियां चलीं और गंडासे चले। दोनों तरफ के व्यक्ति घायल हुए। आज भी वे लोग हस्पताल में पड़े हुए हैं। मैं

किसी की तरफदारी नहीं करता लेकिन ताज्जुब की बात यह है कि सिर्फ एक पार्टी का चालान हुआ और दफा 307 के तहत 5 व्यक्ति गिरफ्तार हुए। दूसरी पार्टी के जो व्यक्ति घायल पड़े हैं उनमें से किसी एक का भी चालाना नहीं किया गया। इस बारे में हजारों गांव वाले अधिकारियों से मिले हैं, ऐप्रोच कर रहे हैं, भाग दौड़ कर रहे हैं लेकिन इसके बावजूद भी दूसरी पार्टी वालों का चालाना नहीं किया गया। मैं समझता हूं कि हमारे होम मिनिस्टर साहब चूंकि हर जगह निगरानी रखते हैं। इसलिए इस मामले में भी वे गांव वालों की ि ाकायत को अव य दूर करेंगे।

श्री वीरेन्द्र सिहः परसों आपके रोबरू दूर तो कर आया था।

चौधरी गंगा रामः आपने ि ाकायत सुनी थी और आपने सही कार्यवाही करने के लिए कहा भी था लेकिन उसके बावजून भी आज तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। (विघ्न)

चेयरमैन साहब, इसके बाद मैं जनरल एडमिनिस्ट्रे ान पर आना चाहता हूं। मैं किसी की ि ाकायत नहीं करता लेकिन लोगों की सहूलियत को देखते हुए यह बात कहना चाहता हूं। हमारे कुछ ऐसे कारपोरे ान्ज हैं, कुछ ऐसी पोस्टें हैं जो लोगों की सहूलियतों को देखते हुए देहात के अंदर होनी चाहिए लेकिन उन्होंने अपना हैड औफिस चण्डीगढ़ बना रखा है। हमारे यहां जीन्द में एक टैनरी है।

18.00 बजे।

यहा ंपर चार आदमी कई हजार रुपये की बिल्डिंग किराये पर लेकर बैठे हुए हैं। कारखाना जीन्द में है। जो कुछ भी लेन देन होता है वह वहां पर होता है लेकिन पता नहीं चार व्यक्ति यहां पर किस इन्ट्रैस्ट में बैठे हुए हैं। इन चार आदमियों का यहां पर बर्डन है। चण्डीगढ़ में दफतर का खमख्वाह किराया दिया जा रहा है। इसी तरह से हरियाणा में दो कमि नरियां हैं एक हिसार में हे और दूसरी अम्बाला में है। आपको पता है कि जितनी भी अपीलें होती हैं वे सभी आमतौर पर गांवों वालों की होती हैं मैं भी वकील हूं। मुझे पता है कि देहात वालों को कितनी दिक्कत होती है। हमारे देहात के भाई यहां पर चूरमा साथ बान्ध कर आते हैं और अपने मुकद्दमें करते हैं। उनको यहां पर ठहरने की भी दिक्कत होती है। सारा दिन तो उनका कमि नर के आफिस में यहां चण्डीगढ़ में लग जाता हैं रात को वे यहां ठहरते हैं। जो लोग यहां पर आते हैं उनको बडी भारी परे ाानी होती हैं जब लोगों को फैसेलिटिज देने के लिए हमार मुख्य मंत्री साहब बडी बडी मिसालें कायम कर सकते हैं तो यह भी दिक्कत दूर होनी चाहिए। ऐसी मिसाल या तो बंगाल की मार्क्सवादी सरकार ने कायम की थी या फिर हमारे मुख्य मंत्री महोदय जी ने कायम की है कि अपनी बडी कोठी को छोड़कर एम0एल0एज0 फ्लैट में आ गये हैं इसलिए मैं आपसे यह अर्ज करना चाहता हूं कि जिन अफसरों की डे टू डे डिलिंग पब्लिक से

होती है उनको चण्डीगढ़ में न रह कर फील्ड में जाना चाहिए। वहां पर पब्लिक की सुनवाई की जानी चाहिए। मैं आपका ज्यादा समय न लेते हुए सरदार लछमन सिंह जी से एक बात जरूर कहना चाहता हूं कि पब्लिक को ज्यादा से ज्यादा सहूलियतें दी जाएं। (विघ्न) मैं जनरल एडमिनिस्ट्रे ान के बारे में बताना चाहता हूं।

श्री सभापतिः आप जनरल एडमिनिस्ट्रे ान पर बोल चुके हैं।

चौधरी गंगा रामः आप कहते हैं तो मैं बैठ जाता हूं।

श्री सभापतिः समय काफी हो गया है। एक घंटा हाउस का बढा है इसमें मिनिस्टरों ने भी जवाब देना है। अब आप बैठिये

चौधरी गंगा रामः अच्छा जी, धन्यवाद।

उद्योग मंत्री (डा0 मंगल सैन): चेयरमैन साहब, मैं आपके माध्यम से सदन में कुछेक बातों का उत्तर देना चाहता हूं। प्रतिपक्ष में बैठे हुए चौधरी भाम ोर सिंह जी जिस दिन बजट पर बोल रहे थे, उस दिन वे कुछ इंडस्ट्रीज के बारे में कहना चाहते थे। जब उनको बजट पर बोलते हुए आधा घण्टा हो गया तो कहने लगे कि मुझे थोड़ा समय मिला है अभी तो मैं इंडस्ट्रीज के विशय में बोलना चाहता हूं। मैंने उस दिन विचार किया कि इनके पास बडी भारी सामग्री होगी जो सरकार के बारे में कोई राज फा ा करेंगे। मुझे ख्याल था पता नहीं क्या कया बाते कहेंगे ?

उन्होंने यहां पर मंत्री परिशद का भी किक्र किया, उसका जवाब तो हमारे मुख्य मंत्री महोदय देंगे। उन्होंने कुछ यहां हीटर और एयरकन्डी ार्न्ज की बात की है, जिस वक्त वे मिनिस्टर साहब हुआ करते थे उस वक्त भी हीटर और एयर कंडी ार्न्ज लगे हुए थे। इसका जवाब हमारे वित्त मंत्री जी देंगे। उपाध्यक्ष महोदय, हमार जान को तो बावेला यह आ अया है जिस संस्था में वे भााामिल हुए हैं उसके आका और नेता जो हुआ करते थे उन्होंने ही ये सारी चीजें प्रोवाइड की हुई हैं। पोहलू साहब आप तो मेरे साथ ही रहे हैं, आपकी सियासी जिन्दगी तो मेरे साथ ही बीती है। इनके नेता ने जो भाहु ााहियत की जिन्दगी बिताई वैसी तो कोई भी नहीं बिता सकता। चण्डीगढ़ से दिल्ली चले जायें रैस्ट हाउसों पर हजारों रुपया खर्च किया हुआ है। 19—19 ओर 20—20 सूटसके रैस्ट हाउसिज बने हुए हैं। एयरकन्डी ांड हैं। बीस बीस हजार रुपये के कालीन बिछाए हुए हैं। कालीन पर पैर रखते ही आसमान की तरफ ख्याल चला जाता है। इस तरह से लाखों और करोड़ों रुपया बरबाद कर रखा है। मैं सुरजेवाला जी की तारीफ करूंगा क्योंकि वे रेडीकल विचारों के हैं, लेफटिस्ट विचारों के हैं। वे किसान सभी में भी थे। इसलिए मैं उनको कहूंगा कि उन्हें ऐसी पार्टी में भााामिल नहीं होना चाहिए था। उन्होंने भ्रश्टाचार की भी बात कही है, उसका जवाब तो हमारे मुख्य मंत्री साहब जी देंगे लेकिन मैं उनके नोटिस में लाना चाहता हूं कि हमारे मुख्य मंत्री साहब जी ने चुनौती दे रखी है कि कोई भी सदस्य रि वत लेते हुए व्यक्ति को पकड़वायेगा उसको पांच सौ रुपये इनाम दिया

जायेगा। उन्हें ऐसी हिम्मत से कहना चाहिए कि ऐसा कोई कर रहा है। यह बात मेरे से सम्बन्धित नहीं है लेकिन मेरे से ग्रामीण उद्योग की बात सम्बन्ध रखती है। उन्होंने गोयबल की बात की है, वे जिस पार्टी में भाामिल हुए हैं, वहां वैसा ही किया करते हैं। उन्होंने यहां विधान सभा में सवाल किया था और जवाब मैंने दिया था। सह सवाल नम्बर 1032 था। उन्होंने प्र न पूछा कि कितने ग्रामीण उद्योग पंजीकृत हुए हैं, मैंने जवाब दिया था कि 498 हुए हैं दूसरा पार्ट था कि कितने लोग लगे हैं, मैंने जवाब दिया था कि 1286 लगे हैं और तीन लाख 78 हजार 420 रुपये कर्जा दिया है जिसमें से 9000 सबसिडी दी गई है। बीस यूनिटस बडे लगे हैं और 87 लाख 24 हजार रुपया कर्जा दिया है। उन्होंने कहा यह कुछ भी नहीं हुआ है। चेयरमैन साहब, एक जानवर होता है जो दिन में नहीं निकलता हे और दिन में आंखें बन्द कर लेता है। वह रात का राजा होता है वह सूरज को नहीं देख सकता। आज हरियाणा में सन 1977–78 में 15 मार्च से 21 माच्र तक आदरणीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में अभियान चला है। इस दौरान में 692 यूनिट लगे हैं जो काम कर रहे हैं। हमने पचास लाख रुपये पहले कर्जा दिया है और इन दिनों में 70 लाख रुपये कर्जा लेकर दिया हैं यह कहना कि गायेबल का स्टैंड है उन्होंने कहा कि यह कितनी बिडम्बना की बात है कि छोटे आदमियों को तीन लाख 78 हजार रुपया दिया गया और बडे लोगों को 87 लाख रुपया दिया गया है। यह ठीक बात है हमने उनको दिया है जो हम अपनी तरफ से सीड मनी देते हैं वह 10 परसैंट होता है

लेकिन यह जो रुपया दिया गया है, इसमें हरियाणा फाइनैंस कारपोरे ान ने भी दिया है। उनको मालूम होना चाहिए कि हमारी फाइनैंस कारपोरे ान इसी पर्पज के लिए है। हम उन लोगों को सूद पर रुपया देते हैं। उसका वाणिज्य का काम हे, वह प्राइवेट लोगों से सूद लेती है। फाइनैंस कारपोरे ान ने प्राइवेट कम्पनियों को 57 लाख 24 हजार रुपया दिया है। हमने अपनी ओर से जो दिया वह पोली स्अील को और जीन्द में जो टैनरी लगी हुई है, उसके दिया है। अभी गंगा राम जी भी इसका जिक्र कर रहे थे। पांच लाख रुपया हरियाणा डिवैल्पमैंट कारपोरे ान की तरफ से टैनरी को दिया है और 25 लाख रुपया पोली स्टील को दिया है। जो भी हमने रुपया दिया है वह गलत नहीं दिया है। उन्होंने यहां पर यह भी बडा वावेला मचा रखा था कि गरीबों को पैसा नहीं दिया। दो फर्मों के नाम भी उन्होंने बताये एक राधा स्वामी आयल कम्पनी का और दूसरा हरियाणा कंटेनेयर का। चेयरमैन साहब, ये लोग बात तो ग्रामीण उद्योग और रूरल इंडस्टियलाइजे न की कर रहे थे लेकिन बात भ्रुरू कर दी भाहर वालों को कर्जा देने की। चेयरमैन साहब, गांव में कर्जा देने वाली बात बिल्कुल अलग है और भाहर में कर्जा देने वाली बात बिल्कुल अलग है। अभी श्री गया लाल जी ने चार गांव बामनी खेडा, मीतरो और बघोला (दो यूनिट) का जिक्र किया और कहा कि बैंक वालों ने रुपया सैंक ान किया और पूरा रुपया नहीं दिया। चेयरमैन साहब, मैं आपके माध्यम से अपोजी ान के मैम्बर्ज और ट्रेजरी बैंचिज के मम्म्गर्ज को कहना चाहता हूं कि सदन में उनको अपनी बात कहने का पूरा

अधिकार है लेकिन मुझे भी तो अधिकार दे दीजिए कि मैं अपनी बात कह सकूं। चेयरमैन साहब, हरियाणा में बैंक वाले हमारा जरूर सहयोग करेंगे। हमने उनसे आ वासन ले रखा है और मेरा अपना अनुमान है कि अगर कहीं कठिनाई हुई तो उसको दूर कर देंगे। चेयरमैन साहब, उनकी बात में कोई वजन नहीं है केवल मात्र प्रचार के लिए बात कह गए। लघु उद्योग का कयों गिला करते हैं यह बात मेरी समझ में नहीं आई उनके जो कांग्रेसी प्रैडीसैसर थे, उन्होंने तो कोई काम ही नहीं किया। उन्होंने तो **(इस समय श्री अध्यक्ष पदासीन हुए।)** करोड़ों रुपया मारूति को ही दे दिया और करोड़ों रुपया लोगों से लेकर दे दिया था क्योंकि उस कम्पनी का मैनेजिंग डायरैक्टर वह था जिसकी पूज्य माता जी ने कहा था कि हिन्दुस्तान के लोगों आप मुझे वोट दो, मैं हिन्दुस्तान की गरीबी दूर कर दूंगी। उन्हौंने जनता की गरीबी तो कहां दूर करनी थी। उन्होंने तो अपने बेटे की गरीबी दूर करनी थी। उन्होंने तो लघु उद्योग के लिए कोई काम ही नहीं किया। इनको तो यह तकलीफ है कि जनता सरकार ने सत्ता में आते ही, हमारा जो वि वास था कि हिन्दुस्तान में मास प्रोडक ान होना चाहिए बहुत पैदावार होनी चाहिए, उस नीति पर काम करना आरम्भ कर दिया। स्पीकर साहब, अभी गंगा राम ने कहा कि गोहाना निवाड़ का केन्द्र है और गोहाना तहसील में पानी से तबाही होती है। जब वे गोहाना की बात कहते हैं तो मुझे बडी खु ी होती है। उन्होंने तम्बू के कारखाने की बात कही। स्पीकर साहब, मैं आज ही केन्द्रीय उद्योग मंत्री से मीटिंग करके आया हूं

और इसीलिए आज सुबह क्वै चन आवर में मैं नहीं था। केन्द्रीय उद्योग मंत्री ने कहा है कि हरियाणा को जरूर कुछ उद्योग देंगे। श्री गंगा राम ने तम्बू के कारखाने की जो बात कही है, उसे जरूर करेंगे। टैनरी के कारखाने की बात कही गई है। टैनरी के कारखाने में अचानक छापा गारा गया और मैंने आदे ा दे दिया है कि यहां के दफ्तर का बिस्तर गोल करके वहां पर जाना चाहिए और वहां पर जो कमी हे उसको पूरा करना चाहिए। अध्यक्ष महोदय, बस मैं इतना ही कहना चाहता हूं और अपना स्थान लेता हूं।

सहकारिता तथा दुग्ध विकास मंत्री (चौधरी भजन लाल): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं डिमांड नम्बर बारह जिसमें 2 करोड़ 89 लाख 70 हजार 470 रुपया मांगा गया है। इसमें से 37 लाख रुपया लेबर डिपार्टमैंट के लिए मांगा गया हे और 43 लाख रुपया रोजगार डिपार्टमैंट के लिए मांगा गया है। बाकी का सारा रुपया आई0टी0आईज0 के लिए रखा गया है। स्पीकर साहब, सुशमा जी ने लेबर के बारे में आपत्ति की है। अध्यक्ष महोदय, इसमैं कोई दो राय नहीं है कि जब तक वर्कर को हम पूरी तरह से साथ लेकर नहीं चलेंगे और जब तक वर्कर का माइंड पीसफुल नहीं होगा तब तक उत्पादन नहीं बढेंगा। इसी तरह से उद्योगपति की अगर हम ठीक बात को नहीं मानेंगे और उद्योगपति का माइंड पीसफुल नहीं होगा तो स्टेट में उद्योग नहीं पनप सकेंगे। इसलिए सरकार का कर्त्तव्य बनता है कि दोनों की ठीक बात सुने और जो

बात जायज है, उसको मनवाए। जहां तक सरकार का ताल्लुक है उसकी हमे ाा यही कोि ा ा रही है कि जो गरीब आदमी है, जो गरीब मजदूर है उसका सरकार हमे ाा ध्यान रखती रही है। लेबर डिपार्टमैंट का भी कर्त्तव्य बनता है और उसने अपने कर्त्तव्य को पूरी तरह से निभाया है और जहां कहीं मालिक और लेबर में झगडा होता है लेकर डिपार्टमैंट पूरी कोि ा ा करता है कि फैसला हो जाए। कई जगह झगडे ऐसे थे जिनको कोर्ट में रैफर किया गया है। पिछले साल आठ हजार केसिज कोर्ट में रैफर किए और चार लाख 72 हजार के करीब लेबर कोर्ट के द्वारा मिल मालिकों से पैसा वर्कर्ज को दिलाया गया है। इसी तरह से इस साल साढ़े छः हजार केसिज कोर्ट को रैफर किए और तकरीबन चार लाख रुपया वर्कर्ज को दिलाया गया और मैं वि वास के साथ कह सकता हूं कि जितनी लेबर की फीस हमारी स्टेट में है, भाायदी किसी और स्टेट में नहीं होगी। अध्यक्ष महोदय, हमारी स्टेट में तकरीबन अढाई लाख वर्कर्ज फैक्टरीज में काम करते हैं। उनमें से बडी मुि कल से सारी स्टेट में चौबीस सौ या पच्चीस सौ वर्कर्ज ऐसे हैं, जो हड़ताल की कोि ा ा करते हैं अध्यक्ष महोदय, सारी स्टेट में सिर्फ दो फैक्टरीज हैं जिनमें तालाबंदी हैं बहिन सु ामा जी ने गुड ईयर के बारे में जिक्र किया। सरकार की तरफ से इसमें कोई जयादती नहीं की गई है। मैंने तीन चार बाद मीटिंग की है। हमारे अफसरों ने भी मीटिंगें कीं और उसके बाद भी जब बात बनती नहीं दिखाई दी तो सरकार ने डिक्लेरूर किया कि जितने दिन फैक्टरी बन्द रही है, मजदूरों को उतने दिन

की मजदूरी मिले। सरकार वर्कर्ज का हर तरह से ध्यान रखती है। अध्यक्ष महोदय, मैं बहिन सुशमा जी को बताना चाहता हूं कि हमारी स्टेट की फैक्टरीज में जितनी पीस है और वर्कर्ज के साथ जितना तालमेल है भाायद ही किसी और स्टेट में होगा। इसी तरह से अध्यक्ष महोदय, जहां तक लेबर का मिनिमम वेजिज का ताल्लुक है, हम इसी साल पहली अप्रैल से मिनिमम वेजिज का फैसला करने जा रहे हैं। 1975 में मिनिमम वेजिज पास किए गए थे जो 155 से लेकर 185 रुपए तक थे। पहले मिनिमम वेजिज का फैसला 31 मार्च तक होना था लेकिन हमारे चीफ मिनिस्टर साहब ने आज ही फैसला किया है कि हरियाणा में 240 रुपए से कम किसी वर्कर को नहीं देंगे। हमने 240 रुपए मिनिमम वेज रखा है। स्पीकर साहब, पंजाब में मिनिमम वेज 225 रुपए हैं। गरीब मजदूर से हमारी सरकार की पूरी हमदर्दी है और इसीलिए हमने 240 रुपया मिनिमम वेज तय किया है। बहिन सुशमा ने एक बात और कही कि सरकार अदायरों में भी यूनियन होनी चाहिए। यूनियन को दबाना नहीं चाहिएं अध्यक्ष महोदय, जहां तक सरकार कर्मचारियों का ताल्लुक है अगर हम ज्यादा यूनियन को बढावा देंगे तो काम ठीक नहीं चलेगा और मैं लीडर्ज को और खास तौर से सुशमा जी को कहूंगा कि इतनी सस्ती लीडरी उन्हें नहीं करनी चाहिए और मैं सदन को बताना चाहता हूं कि सरकार किसी के हक को नहीं दबाती है और गरीब आदमी की बात सरकार सुनती है। अगर सरकारी अदायरों में भी जहां 25 या पचास आदमी काम करते हैं, वहां पर यूनियन को बढावा दें, तो एडमिनिस्ट्रे ान ठीक नहीं

चलेगा। अध्यक्ष महोदय, अनु ाासन को कायम रखने के लिए हमारे लीडर्ज का फर्ज बनता है कि वे लोगों को समझाएं। लेबर और मिल मालिकों का छोटे और बडे भाई को किसी भाई का रि ता होना चाहिए। अगर एक बेटा या छोटा भाई अपने बाप या बडे भाई को किसी के भडकावे में आकर गाली देने लगे या बाप अपने बेटे पर कोई ज्यादती करने लगे तो काम ठीक तरह से नहीं चल सकता। दोनों में जब कोआप्रे ान होगा तभी काम ठीक तरह से चलेगा। बजाए हम वर्कर्ज को भडकाएं, हमें वर्कर्ज को कहना चाहिए कि उनको अनु ाासन में रहना चाहिए जिससे दे ा और प्रदे ा की प्रगति हो सके। अध्यक्ष महोदय, लेकर के बारे में मुझे इतना ही कहना है। इसी तरह से अध्यक्ष महोदय, रोजगार विभाग के बारे में काफी कुछ कहा गया है। मैं बताना चाहूंगा कि रोजगार विभाग ने पिछले साल 36553 आदमियों को रोजगार दिलाया और इस साल 37791 लोगों को रोजगार दिलाया गया। जो प्राईवेट अदायरे हैं उनको भी इस विभाग द्वारा रजिस्टर किया जाता है और बेरोजगार नौजवानों का मार्ग द र्ान करते हैं कि आप ऐसे करो, इस जगह पर एप्लीके ान्ज वगैरह दो। इस तरह कई प्रकार से बेरोजगार नौजवानों का मार्ग द र्ान किया जाता रहा है। जो गैर सरकार अदायरे हैं, फैक्टरियां हैं, जिन के अन्दर कम से कम 25 आदमी हों, उनको भी इस विभाग के द्वारा कवर किया गया है और उन फर्मा या फैक्टरियों के नाम भी इसी विभाग द्वारा रजिस्टर किये जाते हैं ताकि ऐसे प्राईवेट अदायरों में भी रोजगार विभाग द्वारा भर्ती की जा सके जिससे कि लोगों को राहत मिल

सके। इस प्रकार इस रोजगार विभाग द्वारा कोई लगभग साढे तीन हजार प्राईवेट अदायरों में भी बेरोजगार लोगों को सर्विस मिली है। इन भाब्दों के साथ मैं ज्यादा न बोलता हुआ, यह कहूंगा कि इस कट मो ान में कोई वजन नहीं है, इसलिये इन ग्रान्टस को पास किया जाए। साथ ही आपका धन्यवाद करता हुआ अपना स्थान लेता हूं।

ि ाक्षा मंत्री (श्री हीरा नन्द आर्य): अध्यक्ष महोदय, मैं मांग न0 9 के विशय में कुछ बातें कहना चाहता हूं क्योंकि आप जानते हैं कि किसी दे ा, किसी समाज या किसी व्यक्ति का उत्थान तभी हो सकता है जबकि वहां पर ि ाक्षा का अच्छा प्रबन्ध हो, लोगों को साही ि ाक्षा दी जाती हो। यह एक बडा महत्वपूर्ण विशय है। हम को पता है कि सन 1966 के बाद किस प्रकार हमारे राज्य में कृशि और दूसरे कामों में काफी वृद्धि हुई है लेकिन ि ाक्षा के सम्बन्ध में अभी भी हमारा दे ा, हमारा प्रान्त बिल्कुल पिछडा हुआ है। इन्हीं बातों को मद्देनजर रखते हुए सरकार ने इस तरफ खास ध्यान दिया है और ि ाक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने का काफी प्रयत्न किया जा रहा है। इसके लिये कई प्रकार के ठोस कदम भी उठाये गये हैं राश्ट्रीय स्तर पर एक नान फारमल एजुके ान के सम्बंध में और जनरल एजुके ान के सम्बंध में एक राश्ट्रीय नीति निर्धारित की गई है जिसमें इस प्रकार के प्रयत्न किये गये हैं कि ि ाक्षा के सम्बन्ध में किसी प्रकार की ढील न बरती जाए और ि ाक्षा का स्तर ऊंचा रखा जाए। इस बात के

